# मिस अर्थ और मिस इंटरनेशनल बिखेरेंगी जलवा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**सुरम्य** कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट ग्लैमर और सांस्कृतिक उत्सव का केंद्र बन गया है क्योंकि 16 असाधारण प्रतिभाशाली प्रतिभागी प्रतिष्ठित मिस डिवाइन ब्यूटी पेजेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पहुंचे हैं। 16 प्रतिभागियों में से दो असाधारण युवा महिलाएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्हें प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिताओं, मिस अर्थ और मिस इंटरनेशनल में भाग लेने के लिए चुना जाएगा।16 अगस्त, 2023 को शुरू हुआ यह आयोजन लालित्य, परंपरा और मनमोहक अनुभवों का मिश्रण होने का वादा करता है।मिस डिवाइन ब्यूटी पेजेंट के पहले दिन एक आकर्षक परिचय सत्र देखा गया, जहां प्रत्येक प्रतिभागी ने अपने अद्वितीय करिश्मा और शिष्टता का प्रदर्शन



किया। प्रतिभागियों के बीच व्यक्तित्व और पृष्ठभूमि की विविधता ने कार्यवाही में एक रोमांचक तत्व जोड़ा, जिसने आने वाले दिनों के लिए माहौल तैयार किया।दूसरे दिन, प्रतिभागियों को कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट के मंत्रमुग्ध कर देने वाले संपत्ति दौरे का आनंद लिया गया। हिमाचल प्रदेश के आश्चर्यजनक परिदृश्यों के बीच स्थित, रिसॉर्ट की सुंदरता महत्वाकांक्षी सौंदर्य रानियों के लिए एक आदर्श पृष्ठभूमि के रूप में काम करती है। दूसरे दिन की शाम को, उन्होंने रसोइये की भूमिका निभाई। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा का सच्चा प्रमाण था। इस अनुभव ने वास्तव में प्रतियोगिता की यात्रा को समृद्ध किया है, सौहार्द को बढ़ावा दिया है और विविध चुनौतियों का सामना करने की उनकी क्षमता को उजागर किया है।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीसरे दिन आया जब प्रतिभागियों ने स्थानीय हिमाचली कलाकारों के साथ खुद को हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में डुबो दिया। एक जीवंत और ऊर्जावान हिमाचली लोक नृत्य प्रदर्शन ने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को समान रूप से मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट में आयोजित किया गया जहां 16 खूबसूरत दिवाओं ने अपनी सक्रियता के माध्यम से पर्यावरण का समर्थन किया और कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट की मदद से उपयोगी कार्य किए। इस मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागियों को हिमाचल प्रदेश की विशिष्ट संस्कृति और पारंपरिक पोशाक को अपनाने और बढ़ावा देने का अवसर दिया गया, कलाकारों की कलात्मक प्रतिभा भी उजागर हुई। इस प्राकृतिक आपदा में हिमाचल के लोगों को प्रेरित करने के लिए। कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट में मिस डिवाइन ब्यूटी पेजेंट समकालीन सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के सहज मिश्रण का एक प्रमाण है। जैसे-जैसे कार्यक्रम जारी रहेगा, प्रतिभागी अपने आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता और लालित्य का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के आगे के दौर में भाग लेंगे। कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट के प्रबंध निदेशक ध्यान चंद ने कहा कि हम कुफ री हॉलिडे रिजॉर्ट में मिस डिवाइन ब्यूटी पेजेंट के उल्लेखनीय प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। इन युवा महिलाओं को एक साथ आते हुए, अपने व्यक्तित्व को अपनाते हुए और विविध संस्कृति का जश्न मनाते हुए देखना प्रेरणादायक है। हिमाचल प्रदेश का। परिचय, संपत्ति यात्रा और मनमोहक हिमाचली लोक नृत्य जैसी गतिविधियों के माध्यम से, हम न केवल सुंदरता को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि इस क्षेत्र की समृद्ध विरासत के साथ गहरा संबंध भी बना रहे हैं।

# इन दिनों हुई भारी बारिश ने पांवटा क्षेत्र के लोगों को दिए गहरे जख्म: जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश** में जुलाई व अगस्त माह में हुई भारी बारिश ने कभी ना भूलने वाले जख्म दिए हैं। केंद्र और प्रदेश की सरकारों ने आपदा प्रभावित परिवारों को अपने स्तर पर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई है। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को सिरमौरी ताल और कच्ची ढांग में आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने तय कार्यक्रम के अनुसार 40 मिनट देरी से सतोन पहुंचे। सिरमौरी ताल तथा कच्ची ढांग का निरीक्षण करने के बाद राजबन में राहत एवं पुनर्वास केंद्र पहुंचे, जहां पर उन्होंने सिरमौरी ताल में बादल फ टने से प्रभावित हुए ग्रामीणों से काफ ी देर तक बातचीत की तथा उनका दुख दर्द



बांटा। बादल फ टने से प्रभावित ग्रामीणों को जेपी नड्डा और अनुराग ठाकुर ने बताया कि उनके दर्द का एहसास प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री को भी है। वह उनकी ओर से उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन देकर भी गए। पांवटा-शिलाई नेशनल हाईवे 707 पर कच्ची टांग पर बार-बार हो रहे भूस्खलन के बारे में जब उन्हें पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने बताया तो उन्होंने इस मामले को सडक परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी से उठाने की बात भी कही जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों को बचाने के लिए हर संभव मदद करेगी।

# नड्डा ने पीएम मोदी, शाह से मिल कर प्रदेश के लिए 200 करोड़ स्वीकृत करवाए: बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल हिमाचल के बाढ़ और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का एक दिवसीय दौरा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं अपनी आंखो से उस भयानक दृश्य को देखा। उन्होंने कहा की हम अनेकों स्थानों पर उनके साथ गए। पांवटा साहिब, शिमला और बिलासपुर सभी जगह नड्डा जी के साथ जाना हुआ। उन्होंने कहा की हमें आज



धन्यवाद करना है की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से वार्ता करके हिमाचल प्रदेश को 200 करोड़ रुपए की राशि जारी करवाई है। आपदा की इस घड़ी में यह राशि हिमाचल प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शिमला में यह तक कहा कि हिमाचल प्रदेश में राहत कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने देंगे। जगत प्रकाश नड्डा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ बैठक कर उनको पूर्ण आश्वासन दिया कि जिस प्रकार की भी मांग वह केंद्र के समक्ष रखेंगे और प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार हम हर प्रकार की सहायता करेंगे।

# बुशू फेडरेशन 28 और 29 को करेगा बुशू प्रतियोगिताओं का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बुशू फेडरेशन** द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय महिला बुशू प्रतियोगिताओं का आयोजन बिलासपुर में 28 और 29 अगस्त को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा हिमाचल प्रदेश के महासचिव पी एन आजाद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 300 महिलाएं भाग लेंगी। पत्रकार वार्ता में राज्य महासचिव एडवोकेट शिवपाल मनहंस भी उपस्थित थे। आजाद ने बताया कि तीन कैटेगरी में यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें 7 से 14 वर्ष, 14 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष आयु सीमा रहेगी। इस प्रतियोगिता



के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि देश के 25 राज्यों में यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महिलाएं रहेगी और स्वर्ण पदक प्राप्त करेंगी उन्हें जोनल प्रतियोगता में भाग लेने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एक सितंबर से 8 सितंबर तक जोनल प्रतियोगिता भी हिमाचल प्रदेश को ही अलॉट हुई है। जिसके लिए कार्यकारिणी 28 और 29 अगस्त को बिलासपुर बैठक में स्थान का निर्णय करेगी। उन्होंने बताया कि नेशनल प्रतियोगिता में भारत सरकार की ओर से इसमें नगद इनामों की व्यवस्था भी की गई है। जिसमें स्वर्ण पदक लेने वाली महिला को 50 हजार रुपए ए द्वितीय स्थान पर रहने वाली महिला को 40 हजार रुपए और बेस्ट आठ स्थान पर रहने वाली महिलाओं को 20.20 हजार रुपए की नगद ईनाम राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जोनल प्रतियोगिता में नौ राज्यों की टीम में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस समय बुशू खिलाडि ?ों को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाई गई है और लगभग 50 से अधिक खिलाड़ी सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। क्योंकि हिमाचल प्रदेश में भी इसे तीन प्रतिशत खेल कोटा अलॉट किया गया है। उन्होंने बताया कि बुशू वास्तव में हिमाचल प्रदेश के रिवालसर से आरंभ हुआ था लेकिन बाद में इसे चीन ने अपनाया और अन्य देशों में इसका प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों से महिलाएं भाग लेने आ रही हैं तथा यह प्रतियोगिता दो स्तरों पर करवाई जाएगी।

जिसमें ताल्लू और सांसु प्रमुख है उन्होंने कहा कि तालू में चार प्रकार की योग प्रतियोगिताएं एचार प्रकार की तलवारबाजी, दो प्रकार की लाठी और एक प्रकार का भाला प्रयोग करने की प्रतियोगिता होगी। वही सांसु में 20 किलो से लेकर ऊपर के भार तक एक किस्म से कुश्ती प्रतियोगिता होगी लेकिन इसे जूडो कराटे का मिक्सर भी बताया गया है।

# पांगी उपमंडल के विकासात्मक कार्यों को तीव्र गति प्रदान करें अधिकारी और गुणवत्ता को लेकर रखें विशेष प्राथमिकता



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**जनजातीय क्षेत्र** पांगी उपमंडल में उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में रविवार को किलाड़ मुख्यालय में पुस्तकालय भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक और घाटी में चल रहे विकासात्मक कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा पांगी उप मंडल में करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों में तीव्र प्रगति प्रदान करने के लिए निर्देश देते हुए इस बात पर बल दिया कि आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर अधिकारी विशेष प्राथमिकता रखें। बैठक में उपायुक्त ने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारियों को घाटी में वातावरण के अनुकूल नकदी फसलों को बढ़ावा देने व नवीनतम तकनीक से बागवानों और किसानों को शिविरों के माध्यम से जागरूक करने को भी कहा। उन्होंने घाटी में केसर और हींग की खेती को भी लेकर लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग की योजनाओं से संबंधित विस्तृत समीक्षा करते हुए क्रियान्वित कार्यों को कम समय अवधि चलते तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मिंधल माता मंदिर परिसर में लोगों की समस्याएं भी सुनी। इससे पूर्व उपायुक्त ने ग्राम पंचायत हुडान के लोगों की समस्याएं भी सुनी। समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत विभाग के साच पावर हाउस का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने सेवा संस्था फिंडरू से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से भेंट कर उनके द्वारा द्वारा तैयार किये जा रहे स्थानीय उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।

# नशे के खिलाफ सडकों पर उतरी महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के गिरिपार क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को हरिपुरधार में क्षेत्र की महिलाओं ने नशे के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। बताते हैं कि हरिपुरधार क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के कारोबार के चलते गत 14 अगस्त को 58 वर्षीय राजेंद्र ठाकुर उर्फ पप्पू की हत्या हुई थी। हत्या के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के उद्देश्य से महिलाओं ने हरिपुरधार में धरना



प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने कहा कि राजेंद्र की हत्या के मामले में पुलिस ने अभी तक टी आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस गिरोह से में अन्य आरोपियों के जुड़े होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। महिलाओं ने मांग की है कि राजेंद्र ठाकुर उर्फ पप्पू की हत्या के पीछे भी चिट्टा तस्करों का ही हाथ है। महिलाओं का कहना है कि दिन प्रतिदिन हरिपुरधार क्षेत्र में नशे का कारोबार फैल रहा है और सरकार इस पर शिकंजा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। महिलाओं का कहना है कि हरिपुरधार क्षेत्र में नशे के कारोबारी सरेआम घूम रहे हैं, जिससे क्षेत्र की युवा पीढ़ी इस दलदल में फं स रही है। महिलाओं ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी एक ज्ञापन भेजा है, जिसमें मांग की गई है कि हरिपुरधार क्षेत्र में पुलिस थाना खोला जाए। महिलाओं का कहना है कि हरिपुरधार क्षेत्र से जहां शिमला की सीमा मात्र 10 किलोमीटर दूर है, वहीं उत्तराखंड

## मंडी कुल्लू सडक मार्ग को खोलने के प्रयास तेज

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री। मण्डी कुल्लू** वाया कटौला संपर्क मार्ग को सुचारू करने के लिए तेजी के साथ कार्य किया जा रहा हैं। इसको लेकर वहाँ थोड़े थोड़े अंतराल में ट्रैफि क को रोककर कार्य किया जा रहा हैं। यह जानकारी एएसपी मण्डी सागर चंद्र ने दी। उन्होंने कहा की बारिश के चलते यहां कई जगह भूस्खलन हुआ है जिसके चलते जो भी वाहन इस संपर्क मार्ग से गुजारे जा रहे हैं वह पुलिस की देखरेख में गुजारे जा रहे हैं। मंडी पंडोह एनएच में भूस्खलन के चलते कई जगह बाधित हो गया है जिसे खोलने में लंबा समय लग जाएगा।

# शिमला में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**आजादी का** अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर आज दौलत सिंह पार्क शिमला में मेरी माटी, मेरा देश अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान ने की। पार्क में नवनिर्मित सिलाफलकम का अनावरण किया गयाए जिसमें शहीदों के नाम अंकित किए गए है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। महापौर ने उपस्थित सभी लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई तथा वसुधा वंदन के



अंतर्गत सभी लोगों ने पार्क में पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में वीरों का वंदन के अंतर्गत महापौर ने शहिद ग्रेनेडियर शांति प्रकाश की बहन को सम्मानित किया। इस अवसर पर उप महापौर उमा कौशल, पार्षदगण, आरट्रैक शिमला सुरक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सतिंदर किन्हा, नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र कुमार अत्री, संयुक्त आयुक्त डॉ. भुवन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### 23 और 24 जुलाई को हिमाचल में फि र बरसात का प्रकोप, आठ जिलों में ऑरेंज अलर्ट

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। हिमाचल प्रदेश में एक बार फि र बरसात का प्रमुख पड़ सकता है मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि आगामी 23 और 24 तारीख को एक बार फि र प्रदेश में भारी बरसात दर्ज की जा सकती है मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बताया गया है कि प्रदेश के आठ जिले इस दौरान सेंसिटिव रहेंगे ऐसे में इन 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि आगामी 23 और 24 जुलाई को एक बार फि र प्रदेश में भारी बरसात होने की संभावना है ऐसे में प्रदेश के 8 दोनों सिरमौर शिमला सोलन हमीरपुर कांगड़ा चंबा बिलासपुर और मंडी में भारी बारिश दर्ज की जा सकती है ऐसे मैं इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है वहीं प्रदेश के कुछ जिलों को येलो अलर्ट पर रखा गया है। सुरेंद्र पाल ने बताया कि इस दौरान फ्लैश फ्लड, क्लाउडबर्स्ट और लैंडस्लाइड होने की भी आशंका है लिहाजा मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 5 साल तक मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम लांच किया

**शिमला:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और नए वाहन की खरीद की तारीख से 5 साल के लिए मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम के साथ मन की अद्वितीय शांति प्रदान करने की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम उठाया है। यह अग्रणी पहल अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए निर्बाध स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह आरएसए पैकेज केवल ब्रेकडाउन सपोर्ट के बारे में नहीं है; इसका उद्देश्य प्रत्येक टोयोटा मालिक को आश्वासन, सुविधा और सुरक्षा की भावना प्रदान करना है। वर्षों से, ग्राहक न केवल उत्पादों बल्कि समय पर और बेजोड़ सड़क किनारे सहायता को कवर करने वाली सेवा पेशकशों में टोयोटा की विश्व स्तरीय गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता (क्यूडीआर) की भी सराहना करते रहे हैं, जिससे ग्राहक अनुभव को समृद्ध करने की कंपनी की निरंतर खोज को रेखांकित किया गया है। 2010 में लॉन्च किया गया, आरएसए कार्यक्रम टीकेएम के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का अभिन्न अंग रहा है, जो सम्मानित ग्राहकों को उनकी आपातकालीन जरूरतों के दौरान तत्काल सड़क किनारे सहायता प्रदान करता है। नए वाहन पैकेज के एक भाग के रूप में, यह सेवा आवश्यक सुविधाओं की एक श्रृंखला को कवर करती है, जिसमें वाहन की खराबी और दुर्घटना से संबंधित वाहन को खींचने में सहायता (उदाहरण के लिए वाहन जब चलाने योग्य स्थिति में न हो तो, सड़क के किनारे सेवा देने वाली टीम ऐसे वाहन को उसकी समस्याओं के समाधान के लिए निकटतम डीलरशिप तक समय पर पहुंचाने में मदद करती है) , खराब बैटरियों के लिए जंप स्टार्ट, पंक्चर टायर की मरम्मत, कम ईंधन की स्थिति या वाहन की चाबी संबंधी समस्याओं के मामले में सहायता के साथ-साथ 50 किलोमीटर तक की दूरी के लिए टैक्सियों की व्यवस्था करना शामिल है।

# श्री रेणुकाजी झील किश्ती के टेंडर ना होने से पर्यटक मायूस

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के प्रमुख पर्यटन स्थल श्री रेणुका जी में इन दिनों धार्मिक पर्यटक काफी मायूस है। श्री रेणुका जी विकास बोर्ड व जिला सिरमौर प्रशासन झील में चलाई जाने वाली किश्तियों के टेंडर नहीं करवा पाए हैं। बता दें कि यह कश्तियां बीते एक डेढ़ माह से बंद पड़ी है। बंद किश्तियों के कई हिस्सों में अब जंग लगना भी शुरू हो चुका है। हरियाणा से आए पर्यटक नरेंद्र, दिल्ली रोहिणी से आए पर्यटक राकेश राणा, सतपाल राणा, प्रीति कुंजन आदि का कहना है कि वह न केवल यहां मां रेणुका जी और



परशुराम जी के दर्शन करने आते हैं बल्कि किश्तियों में झीलों का भ्रमण करना भी उनके टूर पैकेज में शामिल रहता है। इन लोगों का कहना है कि जब यहां आकर पता चलता है कि अभी किश्तियां नहीं चलाई जा सकती तो बड़ी मायूसी हाथ लगती है। बता दें कि श्री रेणुका जी झील क्षेत्र वेटलैंड में आता है और यह अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट का एक हिस्सा है। बावजूद इसके यहां पर जो बोटिंग की जाती है उसमें पवित्र झील की मर्यादा का पूरा ध्यान रखा जाता है। इ

# एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित निकाले कौल डैम में फंसे कर्मचारी व ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**सूबे के बिलासपुर** और मंडी जिला की सीमा पर बनी 800 मेगावाट की जल विधुत परियोजना कोल डैम में बीती रात को वन विभाग के कुछ कर्मचारी व स्थानीय गांव के लोग शिमला जिला के सुन्नी गांव के आसपास डैम में सिल्ट व लकडियों के कचरे में फं स गए थे। मिली जानकारी अनुसार कौलडैम सुन्नी के पास रविवार शाम को वन विभाग के कुछ कर्मचारी व लोग फं स गए थे। सोमवार सुबह 3 तीन बजे एनडीआरएफ की टीम ने कोल डैम में फं से इन व्यक्तियों को सुरक्षित निकाल ने में सफ लता हासिल की। देर रात इन्हें रेस्क्यू करने के लिए अभियान तेज कर दिया गया था।



लेकिन भारी बारिश की वजह से समस्या आ रही थी और काफ ी मात्रा में लकड़ी भी बाधा डाल रही थी। बताया जा रहा है कि भारी बारिश के कारण बाढ़ से आई देवदार के बड़े-बड़े पेड़ व लकडि ?ों की जांच करने के लिए वन विभाग के कर्मचारी अपने साथ कुछ ग्रामीणों को साथ ले गए थे।

इस दौरान डैम में काफी मात्रा में सिल्ट और लकड़ी के बीच इनकी नाव फंस गए। बाद में इन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। डीसी मंडी अरिंदम चौधरी भी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ की टीमों को भी बुलाया गया। इस दौरान इन लोगों को स्ट्रीमर की मदद से निकालने की कोशिश देर रात शुरू हो गई थी। सुबह 3 तीन बजे इन सभी लोगों को डैम से निकाल लिया गया। इस घटना में फंसे लोगों में से पांच वन विभाग के कर्मचारियों में बहादुर सिंह, भूपेश ठाकुर, रूप सिंह, बाबू राम और अंगद कुमार थे तथा इसके अलावा स्थानीय ग्रामीणो में नैन सिंह, डागू राम, हेम राज, बुद्धि सिंह और धर्मेंद्र भी फं स गए थे। सोशल मीडिया में जारी एक वीडियो में एक व्यक्ति सिल्ट और लकड़ी के बीच तैरता भी नजर आ रहा था। इन लोगों ने बताया कि पानी में सिल्ट और लकडियां काफी अधिक होने की वजह से ये सभी नाव सहित डैम में फंस गए थे।

# पठानियां ने 9वें राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन को किया सम्बोधित

## परिवर्तनों को अपनाना और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सशक्तिकरण का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है: पठानियां

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**झीलों की नगरी** तथा मेवाड़ की पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थली उदयपुर, राजस्थान में आयोजित 9वें राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि डिजिटल सशक्तिकरण के माध्यम से सुशासन को प्रोत्साहित करने में जन प्रतिनिधियों की प्रभावशालिता तथा दक्षता बढ़ाने के लिए हमें तीन प्रमुख क्षेत्रों क्रमशः शिक्षा व प्रशिक्षण, नागरिक जुड़ाव और नीति कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।



गौरतलब है कि पठानियां डिजिटल सशक्तिकरण के माध्यम से सुशासन को प्रोत्साहित करने में जन प्रतिनिधियों को और अधिक प्रभावी/कुशल कैसे बनाया जाए। विषय पर उदयपुर में अपना सम्बोधन दे रहे थे। सम्मेलन को राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राष्ट्र मण्डल संघ के अध्यक्ष ईयान लिडल ग्रेगंर तथा लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में पठानियां ने कहा कि प्रोद्योगिकी और डिजिटल युग के आगमन ने हमारे संचार करने, सूचना तक पहुँचने और शासन में भाग लेने के तरीके में क्रांति ला दी है।

**बल दिया**

**शिक्षा व प्रशिक्षण, नागरिक जुड़ाव और नीति कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है**

पठानियां ने कहा कि हमारे जन प्रतिनिधियों के लिए इन परिवर्तनों को अपनाना और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सशक्तिकरण का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे दुनिया डिजिटल तकनीक के माध्यम से तेजी से जुड़ती जा रही है उससे सुशासन को बढ़ावा देने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका भी विकसित हुई है।

पठानियां ने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि सुशासन किसी भी समाज की आधारशिला है जो पारदर्शिता, जबावदेही और संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित करता है। हालांकि तेजी से बदलती दुनिया में सुशासन प्राप्त करने के लिए नवीन दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पठानियां ने कहा कि डिजिटल सशक्तिकरण का तात्पर्य व्यक्तिगत क्षमताओं को बढ़ाने, समावेशिता में वृद्धि और नागरिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोद्योगिकी के उपयोग से है। डिजिटल उपकरणों की शक्ति का उपयोग करके जन प्रतिनिधि प्रभावी शासन का माहौल बना सकते हैं जो लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करता है।



9वें राष्ट्र मंडल संसदीय संघ सम्मेलन भारत क्षेत्र में भाग लेने उदयपुर पहुंचे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां सम्मेलन के दौरान एक शिष्टाचार भेंट में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हिमाचल प्रदेश के आपदा के समय 15 करोड़ रुपए की राहत राशी प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए।

# विधायक ने आपदा राहत राशि आवंटन में जड़े भ्रष्टाचार के आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**आपदा राहत** कार्यों को लेकर विधायक इंद्र सिंह गांधी ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र के रिवालसर, द्रव्यास व कोठी गहरी में अपने दौरे के दौरान रिवालसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये आपदा राहत राशि आवंटन में भ्रष्टाचार के कई आरोप जड़े है। उन्होंने कहा है उनके पास ऐसे कई सबूत है जिनमें लोगों को 20 हजार की राहत के बदले 12 हजार ही उनके हाथ मे थमाये गये है। उन्होंने कहा है कि सरकार ऐसी नीति बनाये जिसमे आपदा राहत राशि का पैसा आश्रित व्यक्ति के हाथ मे न देकर सीधा उनके बैंक खाते में जमा होना चाहिए ताकि गड़बड़ घोटाले की गुंजाइश ही न रहे । विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश को आपदा के लिए 6 हजार करोड़ की मदद की है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में पक्ष विपक्ष के सभी सांसद पूरी मदद कर रहे है लेकिन कांग्रेस के लोग इसका गलत प्रचार कर रहे है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि इन्हें आपदा में भी राजनीति दिखाई दे रही है जबकि उन्हें फ ील्ड में उतरकर लोगों की सेवा करनी चाहिए थी लेकिन इसमें भी यह नाकाम साबित हुये है। विधायक ने कहा है कि वह 19 पंचायतों का दौरा कर चुके है।

जिसमें उन्होंने आपदा में फंसे जरूरतमंद लोगों को अपनी जेब से करीब डेढ़ लाख रुपये की राशि खर्च कर दी है। करीब 19 परिवारों को राशन पानी मुहैया करवाया है। सडकों की मुरमत को 16 लाख की राशि जारी करवाई है। उन्होंने कहा कि तिरपाल आवंटन एक छोटी सी बात है। हमे कोई ऐसी बयानबाजी नहीं करनी चाहिए जिस से किसी को ठेस लगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में भी समाज सेवा की भावना होनी चाहिए तथा उन्हें गलत बयानबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब आपदा में प्रतिपक्ष के नेता पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बल्ह दौरे पर आए तो सभी बड़े अधिकारी नदारद रहे जबकि उनका मौके पर होना जरूरी था।

उन्होंने कर्मचारियों को सलाह दी है कि उन्हें दलगत राजनीति से दूर रहकर विना भेदभाव से काम करना चाहिए। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियन्ता शर्मा, ढमेश्वर ठाकुर, तेजलाल, भीखम, यशपाल व कमलेश कुमार सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# 'भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित क्यों नहीं करवा रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**सदर क्षेत्र** के कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दौरे पर सवाल खड़े करते हुए उनसे प्रश्न किया है कि हिमाचल से संबंध होने के बावजूद भी वह प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित क्यों नहीं करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे क्या राज है इसका खुलासा सार्वजनिक रूप से करें। ठाकुर बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी हिमाचल से संबंधित हैं लेकिन इन दोनों नेताओं ने



अपनी ऐच्छिक निधि में से फू टी कौड़ी तक आपदा राहत में हिमाचल प्रदेश को उपलब्ध नहीं करवाई जो कि बहुत शर्म की बात है। उन्होंने आपदा प्रबंधन को लेकर हुई बैठक पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि एम्स में हुई आपदा प्रबंधन की बैठक केवल भाजपा की बैठक बनकर रह गई है।

इसमें केवल भाजपा के लोगों को बुलाया गया था और कांग्रेस के विधायक एवं पूर्व विधायकों को दूर ही रखा गया। उन्होंने इस बैठक में पूर्व मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी को लेकर सवाल किया है कि इन तीनों का बिलासपुर में हुई बैठक में भाग लेने का औचित्य समझ से परे है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता क्या केवल फ ोटो खिंचवाने के लिए हिमाचल आए थे। इसके साथ ही उन्होंने एम्स निर्माण को लेकर भी सवालिया निशान उठाए कि अभी एम्स बनकर अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन फ्लोर में पानी आ रहा है। इससे मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बंबर ठाकुर ने कहा कि जिस राशि को नड्डा और अनुराग आपदा की राहत राशि बताकर वाहवाही लूटना चाहते हैं वह हिमाचल का हक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि जो 200 करोड़ रुपये देने की बात कह रहे हैं वह ऊंट के मुंह में जीरा है

। बंबर ठाकुर ने कहा कि भूस्खलन के कारण गांव के गांव खाली हो गए हैं। उन्होंने नड्डा को घेरते हुए कहा कि वह पहले तो आपदा का जायजा लेने के लिए लेट आए हैं और फिर यह कहना है कि आपदा को लेकर बात न की जाए कहां तक उचित है।

# भाजपा हमीरपुर के मंडल प्रवक्ता बनाए जाने पर विक्रम बन्याल ने पार्टी नेतृत्व का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**भाजपा हमीरपुर** मंडल में प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर विक्रम बन्याल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए के सभी शीर्ष नेताओं को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है।

उन्होंने आज जारी बयान में कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है इसके लिए प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, जिला अध्यक्ष देसराज शर्मा और मंडल अध्यक्ष आदर्शकांत शर्मा का धन्यवाद करता हूँ। साथ ही कहा



है कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, हमीरपुर से पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर और पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन से हमीरपुर में संगठन को मजबूती प्रदान करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

बन्याल ने कहा कि मंडल अध्यक्ष आदर्शकांत के नेतृत्व में बनी भाजपा की नई टीम एक दूसरे के साथ तालमेल बैठाकर 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर सफ लता के लिए कृत संकल्पित है।

# मझवाड पंचायत के बाडी गांव में बादल फटने से लोगों के घर



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**बल्ह विधानसभा** क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंझवाड के बाडी गांव में बादल फ टने से लगभग 18 परिवार बेघर हो गए है। 14 अगस्त को सुबह करीब पांच बजे बादल फ टने से दो नालो ने ऐसी तबाही मचाई की लोगों के घर जमीन और गौशाला पशुओं सहित बाह कर ले गए। इस मौके पर बाडी गांव के रोशन लाल की मौत भी हो गई। यंहा तक कि गौशाला में बंधे मवेशीयो के इलावा स्थानीय निवासी योगराज का पोल्ट्री 300 मुर्गो सहित बाढ़ का पानी अपने साथ बहा कर ले गया। उसके बाद बाडी गॉव का सम्पर्क अन्य साथ के गाँव से पुरी तरह कट गया है। करीब एक किलोमीटर सडक का नामोनिशान ही मिट गया है। बैहना टिक्कर पेयजल योजना का सोर्स टैंक भी इस बाडी गॉव में बना हुआ था जिसके चलते बाडी गॉव के इलावा अन्य साथ लगते गॉवो बैहना, टिक्कर, घोडीधार, फ ोराज, गालिया का बैहना आदी गॉवो को इसका असर पड़ा है। इस गाँव के लोग यह तय नही कर पा रहे थे कि क्या करे। भयानक दृश्य देखकर सभी लोग घर छोड कर सुरक्षित स्थान पर भाग गये तब जाकर अपनी जान बचाई तथा दो मंदिरो में शरण ली है। 14 अगस्त से मंदिर कमेटी द्वारा इन प्रभावित परिवारी को खाना मुहेया करवाया जा रहा है। गत रोज प्रशासन द्वारा मात्र दो तीन परिवारों को तिरपाल व फौरी राहत के रूप में पांच-पांच रुपये दिए गये जो मात्र ऊंट के मुंह मे जीरा के बराबर लग रहा है। बाढ़ में एक कार बह गई है अन्य तीन चार टूव्हीलर पानी का तेज बहाव अपने साथ बहा कर ले गया जबकि कई वाहन अभी भी नाले में फं से हुए है। इन प्रभावित परिवारों की जो कृषि योग्य भूमि थी वह भी बाढ़ में चली गई।

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर नागचला में देसी घी के परांठों का लंगर मिटा रहा लोगों की भूख

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**देवभूमि हिमाचल** प्रदेश में बरसे कुदरत के कहर में जहां कुछ लोग आपदा में भी अवसर ढूंढ रहे है। वहीं समाज का एक वर्ग ऐसा भी है जो इस आपदा की घड़ी में प्रभावितों के लिए सहारा बना है। ऐसा ही एक उदारहण मंडी जिला के उपमंडल बल्ह के नागचला में लगे परांठों के लंगर ने पेश किया है। इस लंगर में किरतपुर-मनाली फ ोरलेन पर नागचला क्षेत्र में फ से ट्रक चालकों और अन्य प्रभावितों के साथ हर आने.जाने वाले के लिए देसी घी में बने गर्मागर्म परांठे परोसे जाते हैं। यहां पिछले एक महीने से प्रतिदिन 2 क्विंटल आटे और पहाड़ी आलू से परांठे बनाए जा रहे हैं, जो यहां फं से ट्रक चालकों और अन्य प्रभावितों को राहत दे रहे हैं। अभी तक लंगर में 30 क्विंटल देसी घी और डेढ़ क्विंटल अचार लग चुका है। प्रतिदिन लगभग 3 हजार के करीब लोगों को परांठे खिलाकर स्थानीय लोगों द्वारा अपना सामाजिक दायित्व निभाया जा रहा है।

# अपर सैंज के ग्रामीण नाले का गंदे पानी पीने को मजबूर

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**सैंज बाजार के** साथ लगता अपर सैंज गांव भारी बरसात में भी पेयजल की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। ग्रामीण पिछले एक महीने से नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर है। थकेहारे ग्रामीणों ने अब जल शक्ति विभाग के विरुद्ध मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है तथा विभाग के अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर दो दिन के भीतर पीने का पानी उपलब्ध नहीं करवाया तो बे जल शक्ति विभाग लारजी कार्यालय के बाहर खाली बर्तनों



से विरोध प्रदर्शन करेंगे। बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि व्यवस्था परिवर्तन करने वाली सरकार के अधिकारी कुंभकरण निद्रा में हैं जबकि गांव की भोली भाली जनता पानी की एक.एक बूंद के लिए तरस रही है। उन्होंने बताया कि अपर सैंज गांव में पिछले एक महीने से पीने का पानी मोहताज नहीं है और लोग नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर है। भाजपा नेता ने बताया कि जल शक्ति विभाग को इस बारे में पिछले एक महीने से अवगत करवाया जा रहा है लेकिन विभाग के अधिकारी तो दूर कर्मचारी भी दर्शन नहीं दे रहे। भाजपा नेता ने बताया कि नाले का पानी पीकर ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं लेकिन विभाग को कोई सुध नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों में राजेंद्र कुमार, मोहर सिंह, प्रेम यांवा, योगराज, संजीव कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि बड़े दुख की बात है कि बरसात में भी जल शक्ति विभाग के नल सूखे पड़े हैं जबकि स्थानीय लोग पिछले एक माह से नाले का गंदा पानी पी रहे हैं लेकिन विभाग कुंभकरण की निद्रा में है। उन्होंने बताया कि अगर दो दिन के भीतर पानी उपलब्ध नहीं करवाया तो भी विभाग के विरुद्ध हल्ला बोलेंगे। अपर सैंज के लोग बरसात में भी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

# बरसात से प्रभावितों लोगों को फौरी मदद पहुंचाए अधिकारी: केके शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**एसडीएम जोगिंदर** नगर कृष्ण कुमार शर्मा ने आज सभी विभागों से बैठक की। जिसमें उन्होंने इस बार पुरे जोगिंद्रनगर उपमंडल में बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए एसडीएम जोगिंद्रनगर ने आज तमाम विभागों के आला अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने सभी विभागों से मिलकर प्रभावितों को हर सम्भव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बागवानी विभाग के हुए शिवा प्रोजेक्ट के नुकसान का ब्यौरा लिया। जिस बारे संबधित अधिकारी ने कहा



कि शिवा प्रोजेक्ट के पुरे प्रभावित क्लस्टर में नए पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने उपमंडल के दोनों खण्ड विकास अधिकारी से भी बरसात में हुए नुकसान तथा उन पर चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इसी तरह राजस्व विभाग के द्वारा भी सभी प्रभावितों को फ ौरी राहत प्रदान कर दी गई है साथ ही हर संभावित मदद भी प्रदान की जा रही है। एसडीएम ने वन विभाग व हर्बल गार्डन के अधिकारीयों को उपमंडल में हुए छोटे-बड़े लैंडस्लाइड में पौधरोपण की सम्भावनाओं को जानने के लिए प्रभावित स्थानों का दौरा करने के निर्देश दिए।

# विधायक धर्मपुर के त्वरित संज्ञान के बाद मुख्यमंत्री ने दिए थे आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मण्डी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की 8 पंचायतें सोलर लाईट्स से रोशन हो गई हैं। गत दिनों भारी बरसात से बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों ब्रांग, रखोह, भरौरी, धर्मपुर, कमलाह, जोढन, तनियार ग्रांम पंचायतों व बनेरडी पंचायत के मलौन में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो जाने के कारण अंधेरा छा गया था जिससे गांव वासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ठाकुर ने इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा उपायुक्त मण्डी अरिंदम चौधरी के माध्यम से परियोजना अधिकारी हिमऊर्जा को दिए गए आदेशों पर 24 घंटों के भीतर कार्यवाही सुनिश्वित कर 20 सोलर स्ट्रीट लाईट स्थापित कर दी गई। बनेरडी के गाँव मलौन में भूस्खलन की चपेट में आए भू-भाग से होकर स्थानीय लोगों के सहयोग से हिमउर्जा द्वारा सोलर लाईट्स, पोल व अन्य सामान गाँव तक पहुचाता तथा निर्धारित समय में सोलर लाईट्स स्थापित किए। इस सुविधा की प्राप्ति से प्रभावितों को बहुत राहत मिली है। प्रभावित ग्राम वासियों द्वारा त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर ठाकुर, उपायुक्त मण्डी अरिंदम चौधरी, निदेशक हिमऊर्जा नरेन्द्र चौहान, परियोजना अधिकारी हिमऊर्जा मण्डी रमेश ठाकुर का आभार प्रकट किया।

# समाजसेवी चेतन चम्बियाल बाढ ग्रस्त इलाके में लगाएंगे निशुल्क मैडिकल चैकअप कैम्प

**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/ विजय समयाल**

**विधानसभा क्षेत्र** फ तेहपुर के तहत पडते बाढ़ ग्रस्त इलाके मंड मियानी, कौड् भेला, हलेड, वेला लुधियाडचा रौले दा मल्या, वेला सरियाणा, वेला जट्टा आदि गांवों में जाकर लोगों से मिलना और उनका दुख दर्द जानना। इस जल तांडव त्रासदी पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व में रहे सचिव ओर इलाके के समाजसेवी चेतन ने लोगों को आ रही मुश्किलों के बारे में जाना ओर उन्हें हर संभव सहायता करने की बात कही उसी पर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पंचायत रियाली में



मैडिकल चैक अप कैम्प लगाकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की जरूरत के हिसाब से दवाईआ ओर टैस्ट निशुल्क किए जाएंगे। जिस प्रकार इन दिनों आई फ्लू जैसी भंयकर बिमारी फैली हुई है उसी को देखते हुए आंखों का चैक अप कैम्प भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओर भी किसी प्रकार की जरूरत के लिए वह सदा इस दुख की धडी में लोगों के साथ खड़े है। इस मोके पर पंचायत रियाली के प्रधान ओर स्थानीय लोग मोजूद रहे।

# किन्नर कैलाश की यात्रा को लेकर वन विभाग सतर्क



**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**
**जनजातीय जिला** किन्नौर के प्रसिद्ध किन्नर कैलाश की यात्रा 16 अगस्त से शुरू हुई है और यह यात्रा 1 सितम्बर, 2023 तक चलेगी जिसके लिए डीसी किन्नौर तोरुल एस रवीश ने आदेश जारी किये है ऐसे में इस यात्रा मे रोजाना हजारों लोग किन्नौर प्रशासन के पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कर रहे है जिसके बाद नियमोंनुसार इस यात्रा मे श्रद्धालुओं को भेजा जा रहा है। इस बाबत वन विभाग किन्नौर की तरफ से किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान श्रद्धांलुओं के लिए अहम भूमिका निभाई जा रही है डीएफ ओ किन्नौर अरविन्द कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि किन्नर कैलाश की यात्रा के दौरान श्रद्धांलुओं के लिए वन विभाग द्वारा ठहरने के लिए टेंट की व्यवस्था व आपात परिस्थितियों में अन्य सेवाएं रखी गयी है खासकर रात्रि के समय पैदल मार्गो पर स्ट्रीट लाइटें, पैदल मार्गो को ठीक करने के अलावा किन्नर कैलाश तक पहुंचने वाले मार्ग को पूरी तरह वन विभाग द्वारा ठीक किया गया है ताकि श्रद्धांलुओं को किन्नर कैलाश तक पहुंचने मे सुगमता प्राप्त हो। डीएफ ओ किन्नौर अरविन्द कुमार ने बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ उन्होंने किन्नर कैलाश यात्रा वाले पैदल मार्ग व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया है और किन्नर कैलाश यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं को ठीक तरीके से बनाये रखने हेतू वन विभाग के अधिकारियो की रिकांगपिओ मे बैठक भी ली है। इसके अलावा उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह करते हुए कहा है कि किन्नर कैलाश की यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा तय नियमोंनुसार इस यात्रा को करे और कैलाश के आसपास प्राकृतिक फू ल, जड़ी बूटी व अन्य वन सम्पदा को नुकसान न पहुचाये न ही किन्नर कैलाश की यात्रा के दौरान नालों के समीप जाए क्योंकि किन्नर कैलाश के आसपास की पहाडियों पर हल्की बारिश के दौरान नालो मे बाढ़ का खतरा भी बना रहता है अरविन्द कुमार ने बताया कि प्रसिद्ध पवित्र किन्नर कैलाश की यात्रा के दौरान श्रद्धालुगण आस्था के प्रतीक कैलाश के दर्शन के दौरान ऐतिहात बरतकर यात्रा करे और आपात परिस्थिति मे मौके पर तैनात वन विभाग व पुलिस होमगार्ड के कर्मचारियों से भी सम्पर्क कर सकते है जिसपर श्रद्धालुओं की मदद की जाएगी।




आईजीएमसी शिमला के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को 5 लाख 11 हजार 111 रुपये का चेक भेंट किया।

# राज्यपाल पर टिप्पणी, कांग्रेस की नकारात्मक सोचः धमार्णी



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा प्रदेश** प्रवक्ता मोहिंद्र धमार्णी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने जिस प्रकार से महामहिम राज्यपाल पर टिप्पणी की है वह राज्यपाल के सम्मान को ठेस पहुँचाती है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल एक ऐसे व्यक्ति है जो इस आपदा की इस घड़ी में छोटे.छोटे घटना स्थलों पर पहुंचे और हर वक्त जनता के बीच उपलब्ध रहते हैं, उनके कार्यालय पर यह ब्यान देना की कांग्रेस के नेताओं को मिलने के लिए समय नहीं मिला गलत है। जो लांछन कांग्रेस के नेताओं ने महामहिम पर लगाए हैं उनसे कांग्रेस की मंशा साफ दिखती है कि वह नकारात्मक कार्यप्रणाली को बढ़ावा दे रहे है। धमार्णी ने कहा की आज बहुत दिनों बाद कांग्रेस के नेताओं को सेब उत्पादकों की याद आई। जिस प्रकार से हिमाचल के सेब उत्पादक आज गंभीर परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं उसके लिए वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार जिम्मेवार है। जिस सरकार के दो मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री अलग-अलग बात कहते हैं और उनके आपस में समन्वय की कमी से पिछले इतने महीने से सेब उत्पादकों के मामले उलझे हुए थे। सेब उत्पादकों को इस परिस्थिति तक तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेवार है। महीने के अंतराल में हिमाचल प्रदेश में आपदा आ गई और हिमाचल प्रदेश की सडकें अवरुद्ध हो गईए प्रदेश की सरकार सडकों को खोलने में पूरी तरह से विफल रही जिसकी वजह से सेब बागवानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब हैं कि हिमाचल प्रदेश को हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत 2700 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।हैरानी की बात तो यह है कि हिमाचल प्रदेश के बागबानो ने सडकों को अपने पैसों से खुलवाया।

# नेहरू युवा केंद्र युवा स्वयंसेवक हितेश को सौंपा मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश



**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**
**मेरी माटी मेरा** देश का अमृत कलश आज नेहरू युवा केंद्र मंडी व युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से विकास-खंड गोहर के विकास खंड कार्यालय में आजादी की अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वयंसेवक हितेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान गोपी चंद पाठक विकास खंड आधिकारी गोहर व विकासखंड गोहर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम 9 अगस्त से 20 अगस्त तक हर विकासखंड में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान सभी पंचायतों से मिट्टी को इक्ा कर अमृत कलश में भरा गया। यह अमृत कलश गोपी चंद पाठक विकास खंड अधिकारी गोहर के द्वारा नेहरू युवा केंद्र युवा स्वयंसेवक हितेश कुमार को सौंपा गया।

## सहायता राशि के लिए सांसद ने केंद्र का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा। वर्तमान मानसून** सीजन के दौरान प्रभावित लोगों के लिए राहत उपाय करने में मदद करने के लिए, हिमाचल प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ ) से 200 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि दी जाएगी। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने रुपये जारी करने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 10 और 17 जुलाई को राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि के 360.80 करोड़ रुपये के केंद्रीय हिस्से की दो किस्तों की अग्रिम रिलीज को मंजूरी दे दी।

# ऑटो चालक बोलेः संडे मार्केट लगने से हर बार फैलती है गंदगी



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**
**सोलन शहर** में इन दिनों लोगों का स्वागत कूड़े के ढेर से सुबह सवेरे हो रहा है शहर के ओल्ड बस स्टैंड के नजदीक ऑटो स्टैंड पर रविवार के दिन लगने वाली सब्जी मंडी के कारण यह हाल इन दिनों शहर के ओल्ड बस स्टैंड पर देखने को मिल रहा है जहां पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं वहीं कूड़ा भी सडकों पर ही बिखरा पड़ा है इसको लेकर कई बार ऑटो चालक भी सवाल उठा चुके हैं और जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन को भी इस बात को रख चुके हैं लेकिन अभी तक कोई भी समस्या का हल नहीं निकल पाया हैएजब भी रविवार को संडे मार्केट ऑटो स्टैंड पर लगती है तो सोमवार के दिन यही हाल देखने को मिलता है। इसको लेकर ऑटो यूनियन सोलन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि इस समस्या को लेकर वह कई बार जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं लेकिन समस्या अभी भी वही है सोमवार के दिन जब वह सुबह ऑटो स्टैंड पर ऑटो लगाने के लिए आते हैं तो यहां पर कूड़े के ढेर पर उन्हें खड़े होना पड़ता है कई बीमारियों का खतरा भी इस कूड़े के ढेर के कारण पनपता जाता है लेकिन ना तो जिला प्रशासन इसकी और ध्यान दे रहा है और ना ही नगर निगम प्रशासन। वहीं दूसरी ओर निगम ने बड़े बड़े बोर्ड लगाकर यह लिखा है कि खुले में कूड़ा फेंकने पर हजार रुपए का जुमार्ना किया जाएगा, लेकिन सन्डे के दिन लगने वाली मार्केट को लेकर यह नियम लागू नहीं होते है। वहीं ऑटो चालक मोहन लाल ने बताया कि उन्हें 30 वर्ष यहां पर ऑटो चलाते हुए हो चुके हैं लेकिन जिस तरह से यहां पर गंदगी का आलम सोमवार के दिन देखने को मिलता है उससे कहीं ना कहीं उनके कारोबार पर भी असर पड़ता है लोग ऑटो में बैठने के लिए नहीं आते हैं कूड़े का ढेर यहां पर लगा होता है लेकिन निगम इसकी ओर ध्यान नहीं दे रहा है रविवार के दिन लगने वाली सब्जी मंडी में किसान कम और शहर के दुकानदार ज्यादा होते हैं ऐसे में निगम और जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि ऑटो स्टैंड पर गंदगी ना फैले और लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान भी रखा जा सके।

# विधायक रवि ठाकुर ने धार्मिक जत्थे को मणिमहेश यात्रा को रवाना किया



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
विधायक रवि ठाकुर ने त्रिलोकनाथ मंदिर के प्रांगण से मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह पवित्र मंदिर हिंदुओं और बौद्धों के द्वारा समान रूप से सम्मानित है। हिंदुओं को त्रिलोकनाथ देवताओं को लोड शिव के रूप में माना जाता है। जबकि बौद्ध देवताओं को आर्य अवलोकितेश्वरा, तिब्बती भाषा बोलने वाले लोगों को गरजा कहते हैं। मंदिर की विशिष्टता इस तथ्य में निहित है कि यह पूरी दुनिया में एकमात्र मंदिर है जहां दोनों धर्म के लोग हिंदू और बौद्ध एक ही देवताओं को अपना सम्मान देते हैं उन्होंने कहा मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं पूरे जिला लाहौल स्पीति तथा प्रदेश भर में सुख समृद्धि और शांति बनाए रखें। यही मेरी भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना है पोरी मेले के आखिरी दिन रविवार को सैंकड़ों मणिमहेश यात्रा के श्रद्धालुओं को त्रिलोकी नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लोगों ने जयकारों के साथ विदाई दी।

# रोटरी क्लब कुल्लू के रॉटेरियंस व रोवर्स व रेंजर्स ने बिजली महादेव में छेड़ा सफाई अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**रोटरी क्लब कुल्लू** के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय के रोवर्स और रेंजर्स यूनिट के द्वारा बिजली महादेव के रास्ते व मंदिर प्रांगण में दो दिन का सफ ाई अभियान चलाया गया जिसमें मुख्यता जंगल एवं मंदिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया गया। उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने हरी झंडी देकर अभियान दल को रवाना किया था। ज्ञात रहे कि सावन महीने में कुल्लू के अधिष्ठाता देवता बिजली महादेव के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है वहीं पर देखा गया है कि मंदिर जाने वाले रास्ते व मंदिर परिसर में अन्य कचरे कब साथ साथ प्लास्टिक का कचरा बहुतयात में लोगों द्वारा इस क्षेत्र में फेंक जाता है जिसमें टॉफ ी, चाकलेट के रैपर्स, खाली चिप्स के पैकेट, कोल्डड्रिंकस की बोतलें इत्यादि फेंकी जाती है।

# चोरों ने कुणाल पत्थरी मंदिर में लगाई सेंध, 80 हजार रुपये का चांदी का छत्तर ले गए चोर



**टीम एक्शन इंडिया/ धर्मशाला/ विजय समयाल**
**जिला मुख्यालय** धर्मशाला के साथ लगते कुणाल पत्थरी मंदिर में बीती रात सेंध लगाकर चोरों ने मंदिर से 80 हजार रुपये का चांदी का छत्तर चुरा लिया हालांकि इस चोरी की घटना मंदिर में रह रहे पुजारी व मंदिर के चौकीदार को जरूर पता लग गई थी और मंदिर के पुजारी व चौकीदार ने चोर को पकडने का भी प्रयास किया, लेकिन घने अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भागने में कामयाब रहा। इस मामले को लेकर सदर पुलिस थाना में एफ आईआर दर्ज करवा दी गई है और पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वहीं मंदिर के पुजारी सुभाष ने बताया कि बीती रात करीब 11:45 पर चोर मंदिर के साथ लगती खिडक ी की ग्रील तोडकर मंदिर के गर्भ ग्रह में प्रवेश कर गए इसके बाद चोर ने गर्भ ग्रह में लगी ग्रील का ताला तोड़ा और मंदिर से करीब 80 हजार रुपये का चांदी का छत्तर उड़ा ले गए उन्होंने कहा कि मंदिर के चौकीदार व उन्होंने चोर को पकडने की कोशिश भी की लेकिन रात के अंधेरे व घना जंगल होने के कारण चोर भागने में कामयाब हुआ उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की एफ आईआर पुलिस थाना में दर्ज करवा दी गई हैं और पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। वहीं धर्मशाला के एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है और चोर जल्द ही सलाखों के पीछे होगा उन्होंने कहा कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फु टेज पुलिस को मिल गई है जिसके आधार पर आगामी करवाई पुलिस द्वारा अमल में लाई जा रही है उन्होंने बताया कि इस के इलावा मंदिर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फु टेज को भी पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है ताकि इस चोर का पता लगाया जा सके उन्होंने बताया कि बीती रात कुणाल पत्थरी मंदिर के साथ लगते अन्य दो और मंदिरों में चोरी की घटना हुई है जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही हैं उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दालंग में निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना का शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
**विधायक रवि ठाकुर** ने आज लाहौल मंडल गोंदला पंचायत के दालंग में उठाऊ सिंचाई योजना के तहत दालंग गांव में चन्द्रा नदी के किनारे वोर वेल के माध्यम से सिंचाई योजना का निर्माण किया जाऐगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सिंचाई योजना से दालंग गांव के 10 परिवारों को लाभान्वित होंगे। विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कटिवद्व है ताकि ग्रामीण परिवेश में रहने वाले किसानों व ब्रागवान अपने भूमि को बेहतर सिंचाई कर सके। उन्होंने कहा कि जैसे ही तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद इस उठाऊ सिंचाई योजना की टेन्डर प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाएगी ताकि इस योजना का निर्माण कार्य आरम्भ किया जा सके।विधायक ने कहा कि इस सिंचाई योजना से दालंग के किसानों व बागवानों को आगे खेती के लिए वर्षा जल पर निर्भर नही रहना पडेगा व बेहतर उपज प्राप्त कर सकेंगें, जिससे उनकी आर्थिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि इस उठाऊ सिंचाई योजना के तहत लगभग 18 हैक्टयर भूमि संचित होगी। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल स्पीति विधान सभा क्षेत्र विकास की दृष्टि का एक विशेष स्थान है, इसलिए क्षेत्र को शिखर पर ले जाने के लिए हर संम्भव प्रयास किये जाएगें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हर प्रकार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध की जाएगी ताकि लोगों को उनका लाभ मिल सके। इस अवसर पर विधायक ने लोगों की जनसमस्या भी सुनी और उनका मौके पर ही निपटारा सुनिश्चित किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा अनुराधा राणा, जल शक्ति विभाग के अधीशाषी अभियन्ता अजय वर्मा,सहायक अभियन्ता सन्जू बौद्ध, सहित आदि उपस्थित रहे।

# नागपंचमी को लेकर भूतनात मंदिर में लगा भक्तों का तांता



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**नागपंचमी को** लेकर बाबा भूतनात मंदिर में दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा बाबा भूतनात का दूध से भी अभिषेक किया गया। बाबा भूतनात मंदिर के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि अभी कई राज्यों में श्रावण मास खत्म नहीं हुआ है और सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय माह होता है। जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष रूप से पूजा आराधना होती है। भगवान शिव के गले में नाग देवता हमेशा लिपटे रहते हैं और नाग भगवान शिव को बहुत ही प्रिय होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नाग पंचमी पर नाग देवता की पूजा.उपासना करने पर नाग देवता के साथ भोलेभंडारी भी अत्यंत प्रसन्न होते हैं।उन्होंने कहा कि जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प संबंधी दोष होता है तो इससे मुक्ति पाने के लिए नाग पंचमी के दिन उपाय किए जाते हैं।

## कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य बढ़कर 86 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।




अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.82 डॉलर यानी 0.97 फीसदी उछलकर 85.60 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.86 डॉलर यानी 1.06 फीसदी की बढ़त के साथ 82.11 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## चिप बनाने वाली इंटेल कंपनी ने किया छंटनी का एलान, 125 से ज्यादा कर्मचारी हुए प्रभावित

**रांची।** चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी इंटेल ने लागत में कटौती के लिए एक बार फिर अमेरिका में बड़े पैमाने पर छंटनी करने की घोषणा की है। सैक्रामेंटो इनो की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने फोल्सम परिसर में 89 नौकरियों को खत्म किया है और सैन जोस, कैलिफोर्निया कार्यालय में 51 नौकरियों में कटौती की है। इससे पहले मई में कंपनी ने घोषणा की थी कि वह घाटे का सामना करने के बाद लागत में कटौती के लिए कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है।




रिपोर्ट में बताया गया है कि छंटनी महीने के अंत में प्रभावी होगी। इसके अनुसार इंटेल 10 जीपीयू सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, आठ सिस्टम सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियरों, छह क्लाउड सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, छह उत्पाद विपणन इंजीनियरों और छह सिस्टम-ऑन-चिप डिजाइन इंजीनियरों के साथ अन्य कर्मचारियों को निकाल रहा है। विशेष रूप से, इंटेल के फोल्सोम परिसर में एसएसडी, ग्राफिक्स प्रोसेसर, सॉफ्टवेयर और चिपसेट के विकास सहित कई गतिविधियों के लिए आर एंड डी विभाग हैं।

## जियो फाइनेंशियल के शेयर बाजार में हुए लिस्ट, कंपनी के नन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन ने ये कहा

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग हुए जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर सोमवार को बीएसई पर 265 रुपये प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए। एनएसई पर इसकी लिस्टिंग प्राइस 262 रुपये प्रति शेयर पर हुई। आज का लिस्टिंग प्राइस 20 जुलाई के एक्सचेंज डेरिवेटिव प्राइस 261.85 रुपये प्रति शेयर के करीब रहा। शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग तारीख सितंबर में होने का अनुमान था पर यह उम्मीद से पहले हो गई। करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ जेएफएसएल पहले से ही भारत की 33वीं सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी है और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ और इंडसइंड बैंक से भी बड़ी है। एनबीएफसी बास्केट में केवल बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व ही जेएफएसएल से बड़ी इकाइयां हैं।जेएफएसएल के गैर-कार्यकारी चेयरमैन केवी कामत ने बीएसई में आयोजित सूचीबद्धता समारोह में कहा, -जेएफएसएल भारत की कहानी है और यह डिजिटल-फर्स्ट संस्थान होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी।




# 'चीन का विकास मॉडल दरका, अर्थव्यवस्था गहरे संकट में', WSJ ने अपनी रिपोर्ट में किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख वित्तीय प्रकाशन ने कहा है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चीन की अर्थव्यवस्था अब गहरे संकट में है और 40 साल से जारी विकास का उसका सफल मॉडल अब बिखर गया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रविवार को अपनी एक रिपोर्ट में लिखा है कि अर्थशास्त्रियों का मानना है कि चीन बहुत धीमी वृद्धि के युग में प्रवेश कर रहा है, जो प्रतिकूल जनसांख्यिकी और अमेरिका व उसके सहयोगियों के साथ बढ़ते विभाजन से बदतर हो गया है। देश अपने विदेशी निवेश और व्यापार को खतरे में डाल रहा है।

यह आर्थिक कमजोरी छोटी अवधि की बजाय लंबे समय तक जारी रह सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार अब चीन अब चीन के आर्थिक विकास का मॉडल टूट गया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर एडम टूज के हवाले से कहा, 'हम आर्थिक इतिहास के सबसे नाटकीय मोड़ पर तेज बदलाव देख रहे हैं।' बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के आंकड़ों के अनुसार सरकार और राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के विभिन्न स्तरों सहित कुल ऋण 2022 तक चीन के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 300 प्रतिशत तक पहुंच गया, यह अमेरिकी स्तर को भी पार कर गया। 2012 में यह 200 प्रतिशत से कम था।




**बीजिंग के वरिष्ठ अधिकारी भी मान रहे विकास मॉडल अपनी सीमाओं के करीब पहुंचा**

अखबार ने लिखा है कि बीजिंग के सत्ता के गलियारों में वरिष्ठ अधिकारियों ने माना है कि पिछले दशकों का विकास मॉडल अपनी सीमाओं के करीब पहुंच गया है। इसमें कहा गया है कि पिछले साल पार्टी नेताओं की नई पीढ़ी को संबोधित करते हुए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए निर्माण कार्य के उधार पर निर्भर रहने के कारण अधिकारियों पर निशाना साधा था। शी ने चेतावनी देते हुए कहा, 'कुछ लोगों का मानना है कि विकास का मतलब परियोजनाओं में निवेश करना और निवेश बढ़ाना है।' वित्तीय दैनिक ने लिखा है कि शी और उनकी टीम ने अब तक देश के पुराने विकास मॉडल से दूर जाने के लिए बहुत कम काम किया है। देश के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने जून में कहा था कि 2023 की पहली छमाही (एच1) में चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एनबीएस के आंकड़ों के अनुसार, पहली छमाही में चीन की जीडीपी 59.3 ट्रिलियन युआन (लगभग 8.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गई। चीन की आधिकारिक मीडिया ने एनबीएस के हवाले से कहा कि दूसरी तिमाही में देश की जीडीपी सालाना आधार पर 6.3 प्रतिशत बढ़ी। इस बीच, चीन ने भी सोमवार को इस साल दूसरी बार अपनी एक साल की ऋण प्रधान दर (एलपीआर) को 10 आधार अंक घटाकर 3.55 प्रतिशत से 3.45 प्रतिशत कर दिया और अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आर्थिक वृद्धि को पुनर्जीवित करने के लिए पांच साल की दर में कोई बदलाव नहीं किया, जो फिलहाल 4.20 प्रतिशत है।

## 16वें वित्त आयोग का गठन नवंबर तक संभव, ई-कॉमर्स नीति अंतिम चरण में

**नई दिल्ली।** वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि सरकार को नवंबर अंत तक 16वें वित्त आयोग के गठन की उम्मीद है क्योंकि यह वैधानिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्त आयोग एक सांविधानिक निकाय है, जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है। सचिव ने कहा, सरकार जीडीपी के 5.9 फीसदी तक राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर कायम रहेगी। मजबूत कर संग्रह से खर्च पूरा करने में मदद मिलेगी।?

**ई-कॉमर्स नीति अंतिम चरण में**

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से तैयार की जा रही राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीति अंतिम चरण में है। एक अधिकारी ने कहा, हितधारकों की राय जानने के लिए नीति का कोई नया मसौदा जारी नहीं होगा। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 2 अगस्त को प्रस्तावित नीति पर ई-कॉमर्स कंपनियों व घरेलू व्यापारियों के एक निकाय के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। अधिकारी ने कहा, अब हमें अंतिम हस्ताक्षर का इंतजार है।




**ईपीएफओ ने जून में 17.89 लाख नए सदस्य जोड़े**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जून 2023 में 17.89 लाख नए सदस्यों को जोड़ा है। आंकड़ों के मुताबिक 3,491 प्रतिष्ठानों ने महीने के दौरान अपना पहला ईसीआर भेजकर अपने कर्मचारियों को ईपीएफओ का सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाया है। जोड़े गए सदस्यों की संख्या मई की तुलना में करीब 9.71 फीसदी बढ़ी है। आंकड़ों से पता चलता है कि जून में लगभग 10.14 लाख नए सदस्यों ने नामांकन किया है, जो अगस्त 2022 के बाद से सबसे अधिक है।

## एप पर जीएसटी चालान अपलोड करने पर मिलेगा एक करोड़ रुपये तक इनाम

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी रोकने के लिए सरकार नई योजना ला रही है। इसके तहत आम लोगों को खुदरा या थोक कारोबारियों से मिले जीएसटी चालान को मोबाइल एप पर अपलोड करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का नकद इनाम मिल सकता है। इसके लिए 'मेरा बिल मेरा अधिकार' नाम की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे जल्द शुरू किया जाएगा। चालान प्रोत्साहन योजना के तहत खुदरा या थोक विक्रेता से मिले बिल एप पर अपलोड करने वाले लोगों को मासिक/तिमाही आधार पर पुरस्कार दिया जा सकता है।

**हर महीने निकाले जाएंगे 500 से अधिक ड्रॉ**

हर महीने 500 से अधिक कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ निकाले जाएंगे। इसमें लाखों रुपये का पुरस्कार होगा। प्रत्येक तिमाही में 2 ड्रॉ आयोजित होंगे। सरकार की इस योजना का मुख्य लक्ष्य नागरिकों और ग्राहकों को बिजनेस-से-कंज्यूमर खरीदारी करते समय विक्रेता से वास्तविक चालान मांगने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो जीएसटी के दायरे में भी हैं।




**एक व्यक्ति अपलोड कर सकता है अधिकतम 25 बिल**

अधिकारियों के मुताबिक, मेरा बिल मेरा अधिकार एप आईओएस और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

एप पर अपलोड बिल में विक्रेता का जीएसटीआईएन, बिल नंबर, भुगतान राशि और कर राशि की जानकारी होनी चाहिए। एक व्यक्ति एक महीने में अधिकतम 25 बिल अपलोड कर सकता है, जिसका न्यूनतम मूल्य 200 रुपये होना चाहिए।

## दिल्ली में 25 रुपये किलो प्याज बेचेगी सरकार; बफर स्टॉक के लिए और दो लाख टन प्याज की होगी खरीदारी

**नई दिल्ली।** प्याज के खुदरा दामों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार इस साल दो लाख टन प्याज और खरीदेगी। इसके साथ ही बफर स्टॉक पांच लाख टन हो जाएगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बताया, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन (एनसीसीएफ) और राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन फेडरेशन (नैफेड) को एक-एक लाख टन प्याज खरीदने के लिए कहा गया है। यह प्याज ज्यादा खपत वाले केंद्रों को भेजे जाएंगे। सरकार दिल्ली में सब्सिडी पर 25 रुपये किलो प्याज बेचना शुरू करेगी। सस्ता प्याज बेचने के लिए 10 मोबाइल वैन और ओएनडीसी प्लेटफॉर्म तैयार किए गए हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और असम जैसे बड़े केंद्रों पर कीमत नियंत्रित करने पर जोर दे रहा है। महाराष्ट्र के अहमदनगर में किसानों ने 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाने के केंद्र सरकार के निर्णय के विरोध में थोक बाजार में रविवार को प्याज की नीलामी रोक दी।

## कपड़ा निर्यात घटा, लगा 3000 करोड़ का झटका, धागे की कीमत में 20 फीसदी की गिरावट आई

**नई दिल्ली।** अमेरिका में महंगाई, जर्मनी की मंदी व रूस-यूक्रेन युद्ध से पानीपत औद्योगिक नगरी पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। हालात यह है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में कपड़ों की मांग 50 फीसदी तक घट गई है। छह माह में पानीपत से कपड़ों का निर्यात 3,000 करोड़ रुपये तक घट गया है। इस कारण इस साल के अंत तक निर्यात सिर्फ 10,000 करोड़ रुपये तक रहने का अनुमान है। 2022 में पानीपत से 16,000 करोड़ व 2021 में करीब 15,500 करोड़ का निर्यात हुआ था। विदेश में कपड़ों की मांग घटने से धागे की कीमत में 20 फीसदी की गिरावट आई है। धागे की कीमत 110 रुपये से गिरकर 85 रुपये पर आ गई है। निर्यात घटने से पानीपत में उद्यमियों को सप्ताह में दो दिन उद्योग बंद रखना पड़ रहा है। इसका असर बेडसीट और कंबल उद्योगों पर भी पड़ा है। कपड़ा उत्पादन 25 फीसदी तक प्रभावित हुआ है।

**90,000 करोड़ का घरेलू बाजार**

हैंडलूम सिटी के नाम से मशहूर पानीपत से पूरे देश में कंबल, बेडशीट, तकिया-सोफा कवर, पर्दे और तौलिये समेत तमाम उत्पाद भेजे जाते हैं। इन उत्पादों का घरेलू बाजार 90,000 करोड़ और निर्यात 16,000 करोड़ तक पहुंचा था। पानीपत से 112 देशों में निर्यात होता है। हैंडलूम सिटी अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीन और तुर्किये के लिए बड़ी चुनौती है।

**उत्पादन में इटली को पीछे छोड़ने वाले धागा उद्योग पर अब संकट**

पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के प्रधान ललित गोयल ने बताया कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध से यूरोप बुरी तरह से प्रभावित है। गैस के दाम बढ़ गए हैं। यूरोप और अमेरिका में महंगाई चरम पर पहुंच गई है, इसलिए पानीपत के उद्यमियों को ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। निर्यात काफी कम हो गया है। इसका असर पानीपत के उस धागा उद्योग पर पड़ रहा है, जिसने 2022 में प्रतिदिन 20 लाख किलोग्राम धागे का उत्पादन कर इटली को पीछे छोड़ दिया था। उम्मीद है आने वाले समय में निर्यात में सुधार होगा।

# अगले माह से राहत की उम्मीद, घट सकती हैं सब्जियों की कीमतें, क्रूड को लेकर चिंता

**नई दिल्ली।** आम लोगों को अगले महीने से सब्जियों की महंगाई से राहत मिल सकती है। सरकार को उम्मीद है कि बाजार में नई फसलों के आने के साथ अगले महीने से सब्जियों की कीमतें कम होने लगेंगी। हालांकि, कच्चे तेल के बढ़ते भाव को लेकर थोड़ी चिंता है। वैश्विक बाजार में क्रूड फिलहाल 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे है। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य कीमतें बहुत अधिक हैं और खाद्यान्न की आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह एक वैश्विक कारक है, जिससे भारतीय अलग नहीं रह सकते हैं। हालांकि, सरकार महंगाई नियंत्रित करने के लिए कदम उठा रही है। टमाटर के दाम कम करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। आने वाले महीनों में इसका असर दिखाई देगा। जुलाई में खुदरा महंगाई 15 माह के उच्च स्तर 7.44 फीसदी पर पहुंच गई थी। इसमें सब्जियों में महंगाई 37.44 फीसदी, मसालों की 21.63 फीसदी, दालों व उत्पादों की 13.27 फीसदी और अनाज एवं उत्पादों की 13 फीसदी थी।



**बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा रहा केंद्र**

अधिकारी ने कहा, सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा रही है और निजी क्षेत्र के पूंजी निवेश में अभी तेजी आना बाकी है। केंद्र का पूंजीगत खर्च सितंबर के आखिर तक बजट अनुमान का 50 फीसदी तक हो जाएगा। यह आंकड़ा जून तिमाही में 28 फीसदी था। सरकार ने 2023-24 के बजट में पूंजीगत खर्च को 33 फीसदी बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया था।

# कोल इंडिया के इन-हाउस ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म का परीक्षण सफल, 1.8 करोड़ टन कोयले की हुई नीलामी

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया के इन-हाउस ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म का परीक्षण संतोषजनक ढंग से किया गया है और यह तंत्र कंपनी की कोयला उत्पादक सहायक कंपनियों में पूरी तरह से लागू हो सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगभग 1.8 करोड़ टन कोयले से जुड़ी कुल सात ट्रायल नीलामी आयोजित की गई हैं। खनन प्रमुख ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआई) को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की तकनीकी सहायता से इन-हाउस ई-ऑक्शन प्रणाली शुरू करने का काम सौंपा है। एक अधिकारी ने बताया, शुरुआती परीक्षणों के दौरान कुछ शुरुआती मुद्दे थे जिन्हें सीएमपीडीआई और एनआईसी अधिकारियों ने हल कर लिया था। बाद की ई-नीलामी में परीक्षण सुचारू रूप से आयोजित किए गए। पूरी प्रणाली बिना किसी मैन्युअल हस्तक्षेप के स्वचालित है। उन्होंने कहा, शुल्क कोल इंडिया के निर्देशों के अनुसार लगाया जाता है।



**लागत में कटौती करने में मदद मिलने की उम्मीद**

अधिकारियों ने कहा कि सीएमपीडीआई ने राज्य के स्वामित्व वाली खनन कंपनी को सूचित किया है कि इन-हाउस ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म उसकी सभी कोयला उत्पादक सहायक कंपनियों में पूर्ण रूप से शुरू करने के लिए तैयार है। लगभग 1,500 बोलीदाता पहले ही प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करा चुके हैं। इन-हाउस ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म का सफल परीक्षण कोल इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे कंपनी को दक्षता और पारदर्शिता में सुधार करने के साथ-साथ लागत में कटौती करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। कोलकाता मुख्यालय वाली कंपनी ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगभग 8 से 10 करोड़ टन कोयले की नीलामी करती है और इस मोड में ईंधन आपूर्ति समझौते (एफएसए) की तुलना में कोयले की अधिक कीमत मिलती है, जिस पर बिजली की कीमतें कम रखने में मदद करने के लिए भारी छूट दी जाती है। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में, एमएसटीसी और एमजंक्शन जैसी बाहरी एजेंसियां कोयले की ई-ऑक्शन करने के लिए कोल इंडिया के साथ समझौते में हैं। टाटा स्टील और सेल के बीच का संयुक्त उद्यम एमजंक्शन और सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एमएसटीसी के बीच 60:40 के अनुपात में कोल इंडिया को ई-ऑक्शन का अधिकार है।

## अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई शहर में 2000 करोड़ रुपये का करेगी निवेश, बनाएगी दो नई ट्रांसमिशन लाइन

**नई दिल्ली।** इन दो नई ट्रांसमिशन लाइनों में मेगालोपोलिस के उत्तरपूर्वी उपनगर में 84 सीकेएम खारघर (नवी मुंबई में) विखरोली लाइन और ठाणे-आरे कॉलोनी लाइन शामिल हैं। विखरोली लाइन 2025 तक तैयार हो जाएगी। अदाणी समूह की कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई में अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए शहर में दो नई ट्रांसमिशन लाइन बनाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह 2027 तक शहर के लिए जरूरी बिजली का 60 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करके उसे अधिक हरित बनाने की दिशा में एक कदम है।

इन दो नई ट्रांसमिशन लाइनों में मेगालोपोलिस के उत्तरपूर्वी उपनगर में 84 सीकेएम खारघर (नवी मुंबई में) विखरोली लाइन और ठाणे-आरे कॉलोनी लाइन शामिल हैं। विखरोली लाइन 2025 तक तैयार हो जाएगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस साल अक्टूबर से इस परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। ठाणे लाइन पर काम पहली लाइन के बाद शुरू होगा और 2027 में यह चालू हो जाएगी। कंपनी अपनी मूल कंपनी अदाणी ट्रांसमिशन की परियोजनाओं के जरिए अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं से 1,700 करोड़ रुपये का कर्ज हासिल करने में पिछले सप्ताह सफल रही थी। उन्होंने कहा, हम इसके लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगे, जिसमें से 1,700 करोड़ रुपये वित्त पोषित ऋण होंगे। उन्होंने आगे बताया कि परियोजना में 400-केवी सबस्टेशन स्थापित करना भी शामिल है, जो ट्रांसमिशन क्षमता को 1,500 मेगावाट तक बढ़ा देगा, क्योंकि कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 तक मेगालोपोलिस की अधिकतम मांग 5,000 मेगावाट के आंकड़े को पार कर जाएगी, जो अभी लगभग 4,000 मेगावाट है।

अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने शहर में हरित ऊर्जा की आपूर्ति में सुधार करने की दिशा में तेजी से प्रगति की है, यह 34 लाख से अधिक ग्राहकों या शहर के कुल उपभोक्ताओं के छह प्रतिशत को सेवा प्रदान कर रही है। पिछले तीन वर्षों में सौर और पवन ऊर्जा की आपूर्ति को 10 गुना बढ़ाकर अब 30 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि तीन साल पहले केवल तीन प्रतिशत थी।

ट्रांसमिशन लाइन परियोजना में शहर की पहली 400 केवी सबस्टेशन केंद्र विकसित करना शामिल है। खारघर-विखरोली परियोजना में 34 किलोमीटर की 400 केवी और 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनें शामिल हैं, जिसमें विखरोली में 400 केवी सबस्टेशन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ट्रांसमिशन कॉरिडोर की मौजूदा क्षमता शहर में और बिजली ले जाने के लिए पर्याप्त नहीं है। यह परियोजना मुंबई में 1000 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली लाने में सक्षम होगी और इस प्रकार शहर की भविष्य की मांग को पूरा करने में मदद करेगी। अदाणी को इस प्रोजेक्ट के लिए दिसंबर 2019 में लाइसेंस मिला था।

## डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस में शामिल नहीं होंगे

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को मिल्वौकी (विस्कॉन्सिन) में होने वाली पहली रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने दावा किया है उन्हें लोगों को यह दिखाने की जरूरत नहीं है कि वह कितने सफल राष्ट्रपति थे, क्योंकि अमेरिकी उन्हें पहले से ही जानते हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर यह घोषणा की है। उन्होंने सर्वेक्षणों की नई लहर का उल्लेख किया है। इसमें उन्हें अन्य रिपब्लिकन से बहुत आगे दिखाया गया है। एक सर्वेक्षण में 62 प्रतिशत लोगों ने उन्हें पसंद किया है। ट्रम्प ने लिखा है-जनता जानती है कि मैं कौन हूं। मेरा राष्ट्रपति पद कितना सफल रहा।



## ब्राजील में बस दुर्घटना में सात फुटबॉल प्रशंसकों की मौत, दर्जनों गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**ब्राजील।** ब्राजील में एक पहाड़ी सड़क पर फुटबॉल प्रशंसकों को ले जा रही बस के चालक का नियंत्रण खो गया और भयानक सड़क दुर्घटना हो गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि इसी जानकारी दी और कहा कि यह दुर्घटना मिनस गैरेस राज्य में बेलो होरिजोंटे के पास एक राजमार्ग पर हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों ने कहा कि नियंत्रण खोने से कुछ समय पहले ड्राइवर ने चिल्लाकर कहा कि बस ब्रेक काम नहीं कर रहे हैं। साओ पाउलो के कोरिंथियंस फुटबॉल क्लब के 40 से अधिक प्रशंसक बस में सवार थे, जो एक रात पहले बेलो होरिजोंटे में एक मैच से लौट रहे थे। अग्निशमन अधिकारी फर्नांडो फोइस ने हताहतों की संख्या की सूचना दी, लेकिन यह नहीं बताया कि अस्पताल में भर्ती लोग किस स्थिति में थे।




देश की राष्ट्रीय भूमि परिवहन एजेंसी (एएनटीटी) ने एक बयान में कहा कि बस अपंजीकृत थी और राज्यों के बीच यात्रियों को ले जाने के लिए उसके पास प्राधिकरण नहीं था। पूरे ब्राजील के क्लबों के साथ-साथ ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का किया समर्थन, राष्ट्रपति रामाफोसा ने की पुष्टि

**जोहानसबर्ग।** राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने राष्ट्र के नाम एक राष्ट्रीय संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का समर्थन करता है। आगे कहा कि ब्रिक्स का मूल्य उसके वर्तमान सदस्यों के हितों से परे है। अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, ब्रिक्स को अन्य देशों के साथ साझेदारी बनाने की जरूरत है जो उसकी आकांक्षाओं और दृष्टिकोणों को साझा करते हैं। ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए 22 देशों के आवेदन का यह मुद्दा पांच ब्रिक्स देशों के नेताओं के एजेंडे में है, जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के 15वें संस्करण के लिए इस हफ्ते बुधवार को जोहान्सबर्ग में मिलेंगे। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का एक समूह है।

विस्तारित ब्रिक्स विभिन्न राजनीतिक प्रणालियों वाले देशों के एक विविध समूह का प्रतिनिधित्व करेगा जो अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था की समान इच्छा साझा करते हैं। रामाफोसा ने कहा कि वह शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, कैरिबियन, दक्षिण अमेरिका, मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई अन्य नेताओं की भागीदारी का स्वागत करते हैं।राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा कि यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तब आयोजित किया जा रहा है जब दुनिया मूलभूत चुनौतियों का सामना कर रही है जो आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की दिशा निर्धारित करने के लिए बाध्य हैं।

# कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य में बेकाबू आग, आपातकाल लागू

**विक्टोरिया।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य के जंगलों में भड़की आग बेकाबू हो गयी है। सरकार ने प्रभावित इलाकों में सेना तैनात कर आपातकाल लागू कर दिया है। अब तक ब्रिटिश कोलंबिया राज्य से 35 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला जा चुका है। कनाडा के वेंकुवर के पूर्व में 300 किलोमीटर दूर स्थित शहर केलोवना में सबसे पहले आग भड़की थी। इसके बाद अमेरिका के सीमावर्ती इलाकों और



अमेरिका के प्रशांत उत्तर पश्चिम इलाकों में भी आग भड़क गई। फिलहाल पूरे ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 380 जगहों पर आग फैली हुई है। इनमें से 150 जगहों पर आग नियंत्रण से बाहर है। आग से बिगड़े हालात से निपटने के लिए ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार ने राज्य में आपातकाल लागू कर दिया है। ब्रिटिश कोलंबिया के येलोनाइफ शहर के नजदीक लगी आग बेकाबू है और सरकार ने एहतियातन पूरे शहर को खाली करा लिया है। शहर के 20 हजार लोग शहर छोड़कर जा चुके हैं और पूरा शहर भूतिया बना हुआ है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने सेना की तैनाती के आदेश दिए हैं। साथ ही सरकार ने लोगों से अपील की है कि वह आग से प्रभावित इलाकों को खाली कर दें ताकि बचाव कार्यों में आसानी हो सके। लोगों को आग से प्रभावित इलाकों की यात्रा करने और आग की तस्वीरें लेने के लिए ड्रोन उड़ाने से भी मना किया है, क्योंकि इससे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों का काम प्रभावित होता है। करीब 1,40,000 वर्ग किलोमीटर का इलाका अभी तक आग से तबाह हो चुका है। कनाडा सरकार के साथ ही 13 अन्य देश भी इस आग को काबू करने में मदद कर रहे हैं। अभी तक चार अग्निशमन कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है।

## कैलिफोर्निया तक पहुंचा तूफान हिलेरी, भूकंप व तेज हवाओं संग भारी बारिश से तबाही

**वाशिंगटन।** चक्रवाती तूफान हिलेरी कैलिफोर्निया तक पहुंच गया है। मैक्सिको तट पर जानलेवा साबित हुआ तूफान कैलिफोर्निया में भूकंप व तेज हवाओं संग भारी बारिश लाया है। इस कारण तबाही मच गयी है।

चक्रवाती तूफान हिलेरी के मैक्सिको के तट तक पहुंचने के बाद इसने कैलिफोर्निया प्रायद्वीप में दस्तक दी है। श्रेणी-प्रथम का तूफान बताए जा रहे हिलेरी के प्रकोप से भारी नुकसान की आशंका है। मैक्सिको में इस तूफान ने एक व्यक्ति की जान ले ली है। तूफान जब मैक्सिको के तट से टकराया तो वह चक्रवाती था लेकिन कैलिफोर्निया तक पहुंचते-पहुंचते उष्ण कटिबंधीय तूफान में बदल गया है।



कैलिफोर्निया पहुंचते ही तूफान का असर तबाही में बदलने लगा है। यहां पहाड़ टूटने की जानकारी सामने आई है और भारी बारिश के चलते बाढ़ आ गई है। कैलिफोर्निया के दक्षिण पूर्व में स्थित ओजाई इलाके में भूकंप के झटके भी महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 रही। भूकंप में किसी बड़े नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

वहीं, चक्रवाती तूफान और भारी बारिश के चलते ओंटारियो इंटरनेशनल एयरपोर्ट समेत कई जगहों पर हवाई उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

लॉस एंजेल्स और अन्य इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। दक्षिणी कैलिफोर्निया में 78 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। सांता रोसालिया में तूफान से भारी तबाही हुई है। वहीं सैन क्विनटिन में फोन और वाई-फाई कनेक्शन प्रभावित हुए हैं।

## नेपाल से दो बच्चों को चुराकर भारत बेचने ले जा रहा बिहार का युवक सीमा पर दबोचा गया

**काठमांडू।** नेपाल से दो बच्चों को चुराकर भारत बेचने ले जा रहे एक युवक को सीमावर्ती नाका दक्षिण झिटकैया से आगे बॉर्डर आउट पोस्ट पर सशस्त्र प्रहरी के जवानों ने दबोच लिया। सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने कहा है कि गिरफ्तार आरोपित तबरेज आलम (22) भारत का नागरिक है। वह बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले के आदापुर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि यह घटना बिहार से सटे नेपाल के सीमावर्ती बारा जिले की है। तरबेज जिले के देवताल गांव पालिका के शिवपूजन महतो की नौ महीने की बेटी लक्ष्मी और प्रेमचन्द महतो ते दो वर्षीय बेटे सत्यम को बोरा में बंदकर ले जा रहा था। बॉर्डर आउट पोस्ट पर बोरा की ऊपरी जांच में बच्चों के रोने की आवाज आने पर उससे पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ में उसने गुनाह कुबूल कर लिया।



## पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ से मिलने लंदन पहुंचे शहबाज

**लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लंदन पहुंच गए। वह अपने बड़े भाई पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में दोनों के बीच नवाज की घरवापसी पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। पाकिस्तान के संचार माध्यमों में आम चुनाव की तैयारियों की गहमागहमी के बीच शहबाज की लंदन यात्रा को तरजीह दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने सरकार में अपना 16 महीने का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शहबाज शरीफ की पहली ब्रिटेन यात्रा है।

पूर्व प्रधानमंत्री के साथ उनके बेटे सलमान शहबाज भी लंदन गए हैं। शहबाज के कई पूर्व सहयोगी पहले ही लंदन पहुंच चुके हैं। इनमें कई प्रमुख वकील



भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को शहबाज शरीफ ने कहा था कि उनके बड़े भाई नवाज शरीफ सितंबर में पाकिस्तान लौटेंगे। वह इस संबंध में अपने बड़े भाई के साथ विस्तृत परामर्श करने के लिए लंदन जाएंगे। भ्रष्टाचार के मामलों में जवाबदेही अदालत से दोषी ठहराए जाने के बाद नवाज शरीफ स्वास्थ्य कारणों से नवंबर 2019 से लंदन चले गए थे। तब से वह वहीं रह रहे हैं। 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति छुपाने के मामले में नवाज को आजीवन चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहरा दिया था। इसके बाद नवाज ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

## पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी अदालत ने अली वजीर और मानवाधिकार वकील इमान मजारी को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद विरोधी अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत मुहम्मद जुल्करनैन ने आज (सोमवार) पश्तून तहफ्फुज आंदोलन के नेता अली वजीर और मानवाधिकार वकील इमान हाजिर मजारी को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने देशद्रोह, धमकी और लोगों को उकसाने से संबंधित मामले में 10 दिन के रिमांड की मांग की थी। मगर अदालत ने सिर्फ तीन दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया।

उल्लेखनीय है कि दोनों को कल गिरफ्तार किया गया था। इमान हाजिर मजारी की मां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की पूर्व नेत्री शिरीन मजारी ने आरोप लगाया था कि पुलिस उनकी बेटी को उठाकर ले गई है। इसके कुछ घंटे बाद पुलिस ने कहा था कि मानवाधिकार



वकील इमान को 'राज्य मामलों में हस्तक्षेप' के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने इमान की गिरफ्तारी की निंदा की है और उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की है। संगठन ने इस्लामाबाद पुलिस के इस कृत्य को अस्वीकार्य बताया है। संगठन ने सोशल मीडिया में कहा है कि जिस तरह से पुलिस कथित तौर पर बिना किसी वारंट के उनके घर में घुसी, वह अस्वीकार्य है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों के खिलाफ राज्य स्वीकृत हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति की तरफ इशारा करता है।

## उच्च गुणवत्ता का निकला चीनी तस्करों से बरामद 60 किलो सोना, नेपाल राष्ट्र बैंक ने दिया खरीदने का प्रस्ता

**बीजिंग।** चीनी तस्करों द्वारा हांगकांग से आयातित 'ब्रेक-सु' से बरामद सोने की गुणवत्ता सबसे अच्छी आंकी गई है। नेपाल राष्ट्र बैंक टक्सार शाखा द्वारा गुणवत्ता का परीक्षण करने पर यह पुष्टि हुई कि सोना 999 फीसदी शुद्ध था। आमतौर पर बाजार में सोने की गुणवत्ता को 22 कैरेट और 24 कैरेट के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। हालांकि, राष्ट्र बैंक संख्याओं के आधार पर सोने की गुणवत्ता को देखता है, जिसके मुताबिक '999' का मतलब उच्चतम गुणवत्ता (शुद्ध) सोना है। राष्ट्र बैंक के एक उच्च पदाधिकारी ने नामोल्लेख न करने की शर्त पर बताया कि नेपाल में इतनी शुद्ध गुणवत्ता वाला सोना बहुत कम है। नेपाल राष्ट्र बैंक को सोने के सिक्कों (असर्फी) के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाले सोने की आवश्यकता होती है। राष्ट्र बैंक के सूत्रों ने कहा, कानून के अनुसार अगर उन्हें सरकार की अनुमति मिलती है तो वे खुद सोना खरीदने के लिए तैयार हैं। तस्कर के पास से बरामद सोना पिछले सप्ताह टक्सार विभाग में पिघलाया गया था। 'ब्रेक-सु' से निकाले जाने पर जहां सोने की मात्रा 60 किलो 789 ग्राम थी, वहीं पिघलाने के बाद यह घटकर 60 किलो 716 ग्राम रह गई।

## 'सत्ता में आए तो लगाएंगे टैक्स': ट्रंप की भारत को धमकी, यूएस में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारी पेश करते ही कहा ये

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कुछ अमेरिकी उत्पादों पर भारत द्वारा उच्च कर (टैक्स) का मुद्दा उठाया है। उन्होंने अगले साल सत्ता में वापस आने पर भारत को कर लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है, अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग बताया था। साल 2019 की मई में भारत की सामान्यीकृत प्राथमिकता प्रणाली (जीएसपी) को यह कहते हुए समाप्त कर दिया गया था कि भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका को अपने बाजारों तक न्यायसंगत और उचित पहुंच नहीं दी।

**भारत लगाता है बहुत ज्यादा कर**

ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने भारत में कर दरों में भारी कटौती की है, जबकि भारत यहां काफी ज्यादा कर लगाता है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि एक समान कर लगे। भारत कर के मामले में बहुत आगे है। इसका हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल पर लगने वाले कर को देखने से साफ पता चलता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं बस यह पूछना चाहता हूं कि भारत जैसी जगह पर कैसे यह किया जा सकता है? उन्होंने कहा कि ओहहह.. अच्छा सर। क्यों? इसलिए क्योंकि भारत के पास 100 प्रतिशत और 150 प्रतिशत और 200 प्रतिशत टैरिफ है।

**वह बिना किसी टैरिफ के बेच...**

उन्होंने कहा जैसा मैंने कहा,



ताकि वे अपनी भारतीय मोटरसाइकिल बेच सकें। वे एक भारतीय बाइक बनाते हैं, जिसे हमारे देश में बिना किसी कर, बिना टैरिफ के बेच सकते हैं, लेकिन जब आप हार्ले बनाते हैं और आप इसे वहां भेजते हैं तो उच्च कर लगाया जाता है, क्योंकि वे कोई व्यवसाय नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आप भारत के साथ व्यापार कैसे नहीं करते?

**भारत बहुत बड़ा**

उन्होंने कहा कि टैरिफ इतना अधिक है कि कोई भी इसे नहीं चाहता। लेकिन वे चाहते हैं कि हम ऐसा करें। वे चाहते हैं कि हम वहां जाएं और एक संयंत्र बनाएं और फिर आपके पास कोई टैरिफ नहीं है। ट्रंप ने आगे कहा कि उनका कहना था कि यह अच्छा नहीं है। यह हमारा सौदा नहीं है। इस पर मैंने कहा ठीक है यह हमारा सौदा नहीं है। इसके बाद मैंने उन पर बहुत सख्ती की, लेकिन भारत बहुत बड़ा है। ब्राजील टैरिफ के मामले में बहुत बड़ा है, मेरा मतलब है, बहुत, बहुत बड़ा। हमारे पास कुछ लोग थे, जैसे पेनसिल्वेनिया नामक जगह का सीनेटर, जो मुझे बहुत पसंद है। लेकिन यह आदमी बहुत ही खतरनाक था।

**ट्रंप ने पूछे सवाल**

उन्होंने बताया कि मैंने कहा मैं आपसे एक प्रश्न पूछता हूं। यदि भारत हमसे 200 प्रतिशत शुल्क ले रहा है और हम उनसे उत्पादों के लिए कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे हैं, तो क्या हम उनसे 100 प्रतिशत शुल्क ले सकते हैं? इस पर उसने कहा, नहीं सर, यह मुक्त व्यापार नहीं है। ट्रंप ने कहा कि मैंने आगे पूछा कि क्या हम उनसे 50 प्रतिशत शुल्क ले सकते हैं? इस पर भी कहा गया नहीं साहब। फिर मैंने कहा पच्चीस, 10 या कुछ भी? इस पर भी एक ही जवाब मिला, नहीं।

**आप इसे प्रतिशोध कहें**

ट्रंप ने कहा कि मैंने पूछा कि इसमें गलत क्या है? तो कहा गया कि कुछ गड़बड़ है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि भारत हम पर कर लगा रहा है तो मैं भी यही चाहता हूं। आप लोग इसे प्रतिशोध या जो भी चाहें कह सकते हैं।

## र्नार्डो अरेवालो होंगे ग्वाटेमाला के अगले राष्ट्रपति, पूर्व प्रथम महिला को दी शिकस्त

**ग्वाटेमाला।** बर्नार्डो अरेवालो ने ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है। ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति चुनाव के 95 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी थी, जिसमें से 59.1 प्रतिशत वोट बर्नार्डो अरेवालो को मिले हैं। बर्नार्डो अरेवालो ने पूर्व प्रथम महिला सांद्रा टोरेस को हराया, जिन्हें 36.1 प्रतिशत वोट मिले।

**ग्वाटेमाला की जनता को बर्नार्डो ने दिया धन्यवाद**

प्रोग्रेसिव मुवीमेंटो सेमिला पार्टी के उम्मीदवार बर्नार्डो अरेवालो एक पूर्व डिप्लोमेट रहे हैं। ग्वाटेमाला के इलेक्टोरल ट्रिब्युनल के अध्यक्ष इरमा पालेसिया ने रविवार रात को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि आज,



लोगों की आवाज बोली और यह साफ हो गया है कि अरेवालो बड़े अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। अपनी जीत पर बर्नार्डो अरेवालो ने खुशी जाहिर की और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि 'लॉन्ग लिव ग्वाटेमाला (जुग जुग जिए ग्वाटेमाला)'

**40 प्रतिशत मतदाताओं ने नहीं दिया वोट**

ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति एलेजांद्रो जियामात्तेई ने बर्नार्डो अलेवारो को जीत की बधाई दी। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट पर कर एलेजांद्रो ने बताया कि उन्होंने सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दे दिया है। उल्लेखनीय है कि वोटों की गिनती के पहले राउंड में अरेवालो टोरेस से पीछे चल रहे थे लेकिन बाद में अलेवारो ने बढ़त बना ली। ग्वाटेमाला के इलेक्ट्रोरल ट्रिब्युनल ने बताया कि 24 प्रतिशत मतदाताओं के वोट निरस्त हुए और 40 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल ही नहीं किया।

## दो पूर्व कर्मचारियों ने ही किया था एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का डाटा लीक, 75 हजार लोग हुए प्रभावित

**वाशिंगटन।** एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी टेस्ला इंक के मई में हुए डाटा लीक से 75 हजार लोग प्रभावित हुए थे। इनमें कंपनी के कई वर्तमान और पूर्व कर्मचारी शामिल हैं। अब पता चला है कि कंपनी के कर्मचारियों ने ही यह डाटा लीक किया था। मेन अटॉर्नी जनरल के ऑफिस ने नोटिस जारी कर यह जानकारी दी है।

**डाटा लीक से 75 हजार लोग हुए प्रभावित**

बता दें कि बीती 10 मई 2023 को एक विदेशी मीडिया ने टेस्ला को बताया था कि उसके पास टेस्ला की गोपनीय सूचनाएं हैं।

इसके बाद जांच की गई तो पता चला कि इस डाटा लीक से 75,735 लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें कंपनी के कई वर्तमान और पूर्व कर्मचारी भी शामिल हैं। जांच में पता चला है कि कंपनी के दो पूर्व कर्मचारियों ने ही टेस्ला की आईटी सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन का उल्लंघन कर डाटा को लीक किया और इसे मीडिया के साथ साझा किया।

**टेस्ला ने दायर किया मुकदमा**

टेस्ला ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के इलेक्ट्रोनिक डिवाइस को जब्त कर लिया है। टेस्ला ने अदालत से आदेश जारी कराया है कि अब कंपनी के पूर्व कर्मचारी के डाटा में सेंध नहीं लगा सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टेस्ला के डाटा प्राइवेसी अधिकारी ने घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप : नोआ लाइल्स ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

**बुडापेस्ट।** संयुक्त राज्य अमेरिका के नोआ लाइल्स ने यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।




लाइल्स, जिनके नाम पहले से ही दो विश्व 200 मीटर खिताब हैं, ने जीत के लिए 9.83 सेकेंड का समय लिया। बोत्सवाना के लेट्सिल टेबोगो टेबोगो 9.88 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और ग्रेट ब्रिटेन के जर्नेल ह्यूजेस तीसरे स्थान पर रहे। जमैका का ओब्लिक सेविले 9.88 सेकेंड के साथ चौथे स्थान पर थे। इससे पहले, अमेरिकी फ्रेड केर्ली सेमीफाइनल से आगे बढ़ने में विफल रहने के बाद अपने विश्व 100 मीटर खिताब का बचाव करने में असफल रहे। इटली के ओलंपिक चैंपियन लामोंट मार्सेल जैकब्स ने अपने सीज़न का सर्वश्रेष्ठ 10.05 सेकेंड के समय में रेस पूरी की, लेकिन यह पदक के लिए नाकाफी था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जर्मनी से 1-3 से हारी

**डसेलडोर्फ ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यहां मेजबान जर्मनी से 1-3 से हार के साथ चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। भारत के लिए मैच का इकलौता गोल मुमताज खान (60वें मिनट) ने किया। जर्मनी की जीत में हैन मैरी (नौवें), सेडेल कैरोलिन (37वें) और लेना केलर (58वें) ने एक-एक गोल दागे।जर्मनी ने मैच की जोरदार शुरुआत की और हैन मैरी ने खेल के नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। मैच का दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा जिससे मध्यांतर के समय जर्मनी की टीम 1-0 से आगे थी। भारत ने स्कोर बराबर करने के प्रयास में अपने जवाबी हमला तेज किया लेकिन जर्मनी ने कैरोलिन के मैदानी गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति पर जर्मनी 2-0 से आगे था। भारतीय टीम चौथे क्वार्टर में बेहतर योजना के साथ मैदान में उतरी और कुछ अच्छे मूव बना कर गोल करने के करीब पहुंची। भारत के अति आक्रामक रवैये का फायदा उठाते हुए केलर ने जर्मनी की बढ़त को 3-0 कर दिया। इस गोल ने भारत की हार लगभग तय कर दी। मुमताज ने पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर हार के अंतर को कम किया। भारत का अगला मुकाबला इंग्लैंड से होगा।



## राज्य स्तरीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन

**मीरजापुर।** राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर बेंच प्रेस चैंपियनशिप 26 एवं 27 अगस्त को प्रयागराज में होगी। मोर्चाघर के एलआर फिटनेस सेंटर में खिलाड़ियों का चयन किया गया। निर्णायक सचिव कमलापति त्रिपाठी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि सिंह पटेल रही।



सब जूनियर वर्ग सत्यम सरोज, आदित्य सरोज, शिवम यादव, डिंपल सोनकर, प्रज्ज्वल त्रिपाठी, विजय कुमार मौर्य, विशाल सोनकर, आकाश विश्वकर्मा, अभय यादव तथा जूनियर वर्ग में सलोनी, सुशीला देवी, आकांक्षा सिंह, अजाज अहमद, शुभम कुमार मौर्य, कृष्णा यादव का चयन किया गया। वहीं सीनियर वर्ग में रेणुका गौतम एवं रूबी सिंह तथा मास्टर्स वर्ग में अनिल कुमार गौड़, नाजीर अहमद, अनिल कुमार चयनित किए गए।

# भारत ने आयरलैंड को 33 रन से हराया, श्रृंखला में 2-0 की अजय बढ़त

**डबलिन/नई दिल्ली।** द विलेज, मलाहाइड, डबलिन में खेले गए तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में भारत ने आयरलैंड को 33 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-0 की अजय बढ़त बना ली है। टॉस हारकर भारतीय टीम ने 5 विकेट पर 185 रन बनाये थे। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम आठ विकेट खोकर 152 रन ही बना सकी। आयरलैंड की ओर से एंड्रयू बालबर्नी ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए जबकि भारत की तरफ से ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन और रिंकू सिंह ने 21 गेंद में 38 रन की धमाकेदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड टीम की खराब शुरुआत रही। पॉल स्टर्लिंग और लॉर्कन टकर बिना खाता खोले आउट हुए। उनको प्रसिद्ध कृष्णा ने पारी के तीसरे ओवर में आउट कर दिया था। इसके बाद हैरी टेक्टर को रवि बिश्नोई ने 7 रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। कर्टिस कैम्फर ने कुछ देर क्रीज पर रहकर 18 रन बनाए। आयरलैंड के विकेट गिर रहे थे लेकिन एंड्रयू बालबर्नी ने एक छोर पर खड़े होकर रन बनाए और तूफानी फिफ्टी जड़ी। उनके साथ जॉर्ज डॉकरेल भी क्रीज पर कुछ देर रहे लेकिन 13 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हो गए।



तबाड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे एंड्रयू बालबर्नी भी 51 गेंदों में 72 रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बन गए। इसके बाद आयरलैंड पर दबाव लगातार बढ़ता रहा। अंत में मेजबान टीम 8 विकेट पर 152 पर सिमट गई और भारत ने इस मुकाबले को 33 रन से जीत लिया। भारत की तरफ से कप्तान जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और रवि बिश्नोई ने 2-2 विकेट हासिल किए जबकि एक विकेट अर्शदीप सिंह को मिला।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम के ओपनर यशस्वी जायसवाल 18 रन के निजी स्कोर पर क्रैग यंग का शिकार बन गए। उनके बाद बल्लेबाजी करने के लिए आए तिलक वर्मा कुछ खास नहीं कर पाए और 1 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन ने तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय भागीदारी की। सैमसन 26 गेंद में 40 रन बनाकर आउट हो गए। गायकवाड़ के बल्ले से फिफ्टी आई। वह 43 गेंदों का सामना कर 58 रनों के निजी स्कोर पर आउट होकर चलते बने। रिंकू सिंह अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय पारी में ही धमाका करने में सफल रहे। वह 21 गेंदों में 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे के बल्ले से नाबाद 22 रन आए। इस तरह टीम ने 5 विकेट पर 185 रन बनाए। आयरलैंड की तरफ से बैरी मैकार्थी ने 2 विकेट झटके, क्रेग यंग, बी व्हाइट, एम अडैर को एक एक विकेट मिला।

## अखिल शेरोन ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य, पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा किया हासिल

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज अखिल शेरोन ने बाकू, अजरबैजान में विश्व चैम्पियनशिप में 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और ओलंपिक कोटा हासिल किया। हालांकि वह केवल 0.1 अंक से रजत पदक चूक गए। इसके अलावा अखिल ने ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार के साथ मिलकर ऑस्ट्रिया से एक अंक आगे रहते हुए टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। रिदम सांगवान, ईशा सिंह और मनु भाकर की भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। केवल रिदम ने 583 के साथ फाइनल में जगह बनाई और आठवें स्थान पर रहे। भारत तीन स्वर्ण और तीन कांस्य के साथ पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है, वहीं, चीन सात स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य के साथ शीर्ष पर है। अखिल ने भारत के लिए पांचवां ओलंपिक कोटा और जीता था। स्पोर्ट्स पिस्टल टीम का स्वर्ण भी रोमांचक अंदाज में जीता गया, क्योंकि भारत ने



एयर राइफल में मेहुली घोष के प्रयास के बाद मौजूदा विश्व चैम्पियनशिप में दूसरा ओलंपिक कोटा हासिल किया। स्वप्निल कुसाले के बाद राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में यह दूसरा कोटा था। एयर राइफल में रुद्राक्ष पाटिल और ट्रैप में भवनीश मेंदीरत्ता ने भी पिछले साल ओलंपिक कोटा 1744 के कुल स्कोर के साथ चीनी ताइपे और चीन को एक अंक से हराया। मिश्रित स्कीट में गनेमत सेखों और अनंत जीत सिंह नरूका ने 139 का स्कोर किया और 25वें स्थान पर रहे। अंगद वीर सिंह बाजवा और परिनाज़ धालीवाल की दूसरी भारतीय टीम 135 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर थी।

## 'मेरे सभी प्रयास सफल हुए', पहली बार प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार मिलने पर बोले रिंकू सिंह

**डबलिन (आयरलैंड) ।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में प्लेयर ऑफ द मैच जीता। खिताब जीतने के बाद रिंकू ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनकी कई वर्षों की कड़ी मेहनत को आक्रामक दक्षिणपूर्वी खिलाड़ी के रूप में लाभ मिला है। उन्होंने 21 गेंदों में 38 रनों की महत्वपूर्ण पारी। रिंकू के कैमियो ने भारत की पारी को बहुत जरूरी स्पार्क दिया और शिवम दुबे (नाबाद 22) के साथ उनकी 28 गेंदों में 55 रन की साझेदारी ने भारत को शानदार पारी का अंत करने में मदद की। मैच के बाद रिंकू सिंह ने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैं वही करने की कोशिश कर रहा था जो मैंने आईपीएल में किया है। मैं बहुत आश्वस्त था और शांत रहने की कोशिश करता था।' रिंकू ने कहा कि एक दशक तक उन्होंने जो कड़ी मेहनत की है, उसने न केवल उन्हें जमीन से जोड़े रखा है, बल्कि उन्हें अपनी महत्वाकांक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए भी



प्रेरित किया है। पांच ओवर खेलने से पहले रुतुराज गायकवाड़ का विकेट खोने के बाद भी रिंकू ने साथी बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे के साथ मिलकर भारत को बड़े स्कोर की दौड़ में बनाए रखा। अंतिम ओवर में उन्होंने आयरलैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बैरी मैक्कार्थी को दो छक्के और एक चौका लगाया जिसमें एक वाइड यॉर्कर पर कवर के ऊपर से बेहतरीन छक्का भी शामिल था। अंतिम ओवर में रिंकू की आत्मविश्वास भरी पारी शीर्ष बढ़त के साथ समाप्त हुई। यदि उनका देर से आना कोई संकेत था, तो आईपीएल सनसनी विश्व मंच पर आने के लिए तैयार था। रिंकू ने कहा, 'मैं कप्तान की बात सुनता हूं (मुस्कुराता हूं)। मैंने जो कड़ी मेहनत की है, वह 10 साल से कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैंने जो कड़ी मेहनत की उसका फल ऐसे योगदानों से मिलता है। मैंने जिस पहले गेम में बल्लेबाजी की, मुझे प्लेयर ऑफ मैच मिल गया और इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं हो सकती।

इससे पहले भारत ने सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ (58) के सुसंस्कृत अर्धशतक और रिंकू सिंह (21 गेंदों में 38) की कुछ बड़ी आक्रामक हिटिंग के दम पर 185/5 का अच्छा स्कोर बनाया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 3-3 से ड्रा खेला

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यहां खेले जा रहे 4 देशों के टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-3 से ड्रॉ खेला। भारत के लिए हिना बानो (6%), रुतुजा दादासो पिसल (49%) और मुमताज खान (53%) ने एक-एक गोल किया। वहीं, इंग्लैंड के लिए ले हुरे मार्था (4%, 19%), और अलेक्जेंडर बेथ (9%) ने गोल किये।

इंग्लैंड ने मैच की मजबूत शुरुआत की और ले हुरे मार्था (4%) ने खेल के चौथे मिनट में फील्ड गोल करके भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत जवाब देते हुए हिना बानो (6%) के मैदानी गोल से बराबरी कर ली। अलेक्जेंडर बेथ (9%) ने पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदल कर इंग्लैंड की बढ़त दोगुनी कर दी। पहले क्वार्टर की समाप्ति पर इंग्लैंड 2-1 से आगे था। भारत ने स्कोर बराबर करने के प्रयास में लगातार हमले करने शुरू कर दिये। हालांकि मैच के 19वें मिनट में ले हुरे मार्था ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए इंग्लैंड को 3-1 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक इंग्लैंड 3-1 से आगे था। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं होने के कारण इंग्लैंड ने बढ़त बरकरार



रखी जिससे उसका मैच पर नियंत्रण बना रहा।चौथे क्वार्टर में दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक रुख अपनाया और मैच के 49वें मिनट में रुतुजा दादासो पिसल ने शानदार फील्ड गोल करके भारतीय टीम को मैच में वापसी दिला दी। दूसरा गोल करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम ने जोरदार आक्रमण करके इंग्लैंड को दबाव में रखा। 53वें मिनट में मुमताज खान ने पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदल कर भारत को 3-3 से बराबरी दिला दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 22 अगस्त, मंगलवार को स्पेन से होगा।

## एशिया कप और विश्व कप टीम का चयन : राहुल और अय्यर की फिटनेस पर नजरें

**नई दिल्ली ।** भारत अगर विश्व कप में अतिरिक्त तेज गेंदबाज को लेकर उतरता है तो शार्दुल ठाकुर को बल्लेबाजी में बेहतर होने के कारण तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह मिल सकती है हालांकि एशिया कप के लिये सोमवार को 17 सदस्यीय टीम का चयन होने की दशा में दोनों को मौका मिल सकता है। सभी की नजरें इस पर होगी कि जांघ की चोट से उबरे केएल राहुल और कमर की चोट से उबरने वाले श्रेयस अय्यर जैसे स्टार बल्लेबाजों को डॉक्टर नितिन पटेल की अगुवाई वाली एनसीए की खेल विज्ञान ईकाई से चयन के लिये हरी झंडी मिलती है या नहीं। दोनों में से एक के उपलब्ध होने पर भी मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में कुछ दबाव कम महसूस करेंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर सोमवार को यहां टीम की घोषणा करेंगे और ऐसी संभावना है कि विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय संभावित टीम का चयन भी कल ही किया जाएगा। वैसे विश्व



कप के लिये संभावित टीम चयन की अंतिम तारीख पांच सितंबर है तो बीसीसीआई बाद में भी इसकी घोषणा कर सकता है। ऐसा भी संभव है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल की तरह भारत एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम चुने ताकि विश्व कप के लिये सारे विकल्प आजमाए जा सकें। शार्दुल ने 38 वनडे में 58 विकेट लेने के अलावा 106 प्लस की औसत से रन बनाये हैं ।

# अंपायर के आउट देने के बाद स्टंप पर मारा था बल्ला, हरमनप्रीत कौर ने उक्त घटना पर दिया बड़ा बयान

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पिछले महीने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान उन्हें अपना आपा खोने पर कोई पछतावा नहीं है। हरमनप्रीत पर इस कारण दो मैचों का प्रतिबंध लगा था।

ढाका में अंपायर के उन्हें आउट देने के बाद उन्होंने स्टंप पर बल्ला मार दिया था। बाद में मैच के बाद भी उन्होंने द्विपक्षीय श्रृंखला के दौरान हुई अंपायरिंग को खराब बताया था। इस प्रतिबंध के कारण हरमनप्रीत भारत के सितंबर-अक्टूबर में हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगी। हरमनप्रीत ने महिलाओं के 'द हंड्रेड' के दौरान 'द क्रिकेट



पेपर' से कहा , 'मैं ऐसा नहीं कहूंगी कि मुझे किसी चीज का पछतावा है क्योंकि बतौर खिलाड़ी आप देखना चाहते हो कि ठीक चीजें हो रही हैं। बतौर खिलाड़ी आपके पास हमेशा खुद को अभिव्यक्त करने और आप क्या महसूस कर रहे हो, उसे बताने का अधिकार होता है।'

हरमनप्रीत टूर्नामेंट में 'ट्रेंट रॉकेट्स' के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैंने किसी खिलाड़ी या किसी व्यक्ति से कुछ भी गलत कहा। मैदान पर जो हुआ मैंने सिर्फ उसके बारे में बताया। मुझे किसी चीज का पछतावा नहीं है।' प्रतिबंध के अलावा हरमनप्रीत के खाते में तीन 'डिमेरिट' अंक भी जोड़ दिए गए क्योंकि उन्होंने अंपायर के फैसले पर असहमति दर्शायी थी। मैच अधिकारियों की सार्वजनिक आलोचना के लिए भी एक डिमेरिट अंक जुड़ा था।

# केटलन सर्किट: सेंट अदरिया इंटरनेशनल शतरंज : शुभयान बने विजेता ,एंजेला उपविजेता

**बार्सिलोना ।** केटलन सर्किट 2023 के पांचवें टूर्नामेंट सेंट अदरिया इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब भारत के शुभयान कुंडु नें अपने नाम कर लिया है , शुभयान नें 9 राउंड में 7.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया इस दौरान उन्होने 7 जीत दर्ज की एक ड्रॉ खेला जबकि एक मुकाबले में उन्हे हार का सामना करना पड़ा था ।

इस वर्ष केटलन सर्किट में खेलते हुए इस वर्ष शुभयान अपनी रेटिंग में लगातार सुधार करते हुए 2400 की ओर बढ़ रहे है । दूसरे स्थान पर चेसबेस इंडिया परिवार की सदस्य और



कोलोम्बिया की महिला इंटरनेशनल मास्टर एंजेला फ्रांको रही , एंजेला नें टूर्नामेंट में 6 जीत , 2 ड्रॉ और 1 हार के साथ कुल 7 अंक बनाए जबकि कोलंबिया के डेविड कबजेरो 6.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर तीसरे स्थान पर रहे । अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश के अश्विन डेनियल 6 अंक बनाकर छठे और प्रखर बजाज 5 अंक बनाकर दसवें स्थान पर रहे।

## भारत की अनाहत सिंह को एशियाई जूनियर स्क्वाश में स्वर्ण पदक

**डेलियान (चीन)।** भारत की अनाहत सिंह ने यहां 16 से 20 अगस्त तक हुई एशियाई जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की अनाहत ने हुए फाइनल में हांगकांग की एना क्वोंग को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अनाहत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में मलेशियाई खिलाड़ियों क्रमशः ढॉयस ली और व्हिटनी इसावेल को हराया था। पिछले साल थाईलैंड में दिल्ली की अनाहत ने इस प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था। अनाहत ने 2019 में मकाऊ में अंडर-13 वर्ग में भी कांस्य पदक जीता था। अनाहत बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

# विश्व कप से पहले भारत को सूर्यकुमार यादव पर फैसला करना होगा : संजय मांजरेकर

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने सूर्यकुमार यादव को खिलाने को 'बड़ा लालच' करार देते हुए रविवार को कहा कि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप से पहले मेजबान टीम को टी20 अंतरराष्ट्रीय के इस स्टार बल्लेबाज को लेकर फैसला करना होगा। सूर्यकुमार ने टी20 प्रारूप में काफी प्रभाव छोड़ा है लेकिन 50 ओवर के प्रारूप में वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं और अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप से पहले टीम में उनके चयन पर सभी की नजरें टिकी हैं।

मांजरेकर ने सूर्यकुमार के टूर्नामेंट में खेलने को लेकर कहा, 'बल्लेबाज अगर अच्छी फॉर्म में हो तो अधिकांश मुद्दों का हल निकल जाता है। भारत बेशक सूर्यकुमार यादव पर विचार करेगा क्योंकि 50 ओवर के क्रिकेट में वह वैसा प्रभाव नहीं छोड़ पाया है लेकिन उसे खिलाना बड़ा लालच है जब पारी में 15 से 17 ओवर बचे हों और वह मैदान पर उतरे तो मैच का




रुख बदल सकता है।'

उन्होंने कहा, 'भारत को इस मुद्दे का हल निकालना होगा कि वे सूर्यकुमार यादव को खिलाना चाहते हैं या नहीं।' मांजरेकर ने कहा कि अगर भारत को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करना है तो ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को काफी गेंदबाजी करनी होगी।

उन्होंने कहा, 'हार्दिक पांड्या की फॉर्म थोड़ी चिंता की बात है, उसकी गेंदबाजी क्योंकि विश्व कप में आपको काफी कड़ी मेहनत करनी होगी। आपको एक ऑलराउंडर के रूप में उसकी जरूरत है, सिर्फ बल्लेबाज के रूप में नहीं, इसलिए उसे प्रत्येक पारी में कम से कम छह से सात ओवर फेंकने होंगे।'

मांजरेकर ने कहा, 'जब भारत ने 2011 में विश्व कप जीता था जो ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सुरेश रैना और युवराज सिंह जैसे बल्लेबाजों ने गेंदबाजी की इसलिए हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी काफी महत्वपूर्ण होगी।'

